●वर्ष : 16 ●अंक : 270 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

बुधवार 22 जनवरी 2025

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

# दिल्ली में आरक्षित सीटों पर आप का दबदबा तोड़ पाएंगी बीजेपी और कांग्रेस

## संक्षिप्त समाचार

### रूसी वायुसेना ने 31 यूक्रेनी ड्रोन किए नष्ट

**मास्को।** रूस की वायु रक्षा प्रणालियों ने रविवार रात रूसी क्षेत्रों में 31 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया और कई ड्रोनों के हमला करने के प्रयासों को विफल कर दिया। ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने 31 यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहनों को रोका और नष्ट कर दिया। 14 ड्रोन को ब्रांस्क क्षेत्र में, छह को कलुगा क्षेत्र में, तीन-तीन को बेलगोरोड और कुर्स्क क्षेत्रों में, दो-दो को रियाज़ान और ओर्योल क्षेत्रों में और एक को तातारस्तान के ऊपर मार गिराया गया।

### सड़क दुर्घटना में दो भाइयों की मौत, 4 घायल

**आगरमालवा।** उज्जैन-झालावाड़ नेशनल हाईवे पर सोमवार को दोपहर राधास्वामी सत्संग के पास उज्जैन की ओर से आ रही पिकअप व आगर की ओर से जा रही ईको मारुति में जोरदार भिड़ंत हो गई। ईको में सवार व्यक्तियों में से भारतसिंह उर्फ महाराज पिता परथी बंजारा (48) व लालसिंह पिता परथी बंजारा (73) निवासी बंजारा टापरा, आगर की मौत हो गई। मृत दोनों व्यक्ति सगे भाई हैं। दुर्घटना में नरसिंह पिता कनीराम बंजारा, सौरमबाई पति महाराजसिंह, दुलेसिंह पिता पीरूजी, पंकज पिता विक्रम निवासीगण बंजारा का टापरा, आगर घायल हुए हैं।

### ››› दिल्ली में दलित जातियों का गणित

वहीं अगर बात करें दिल्ली में अनुसूचित जाति के मतदाताओं की तो दिल्ली में इनकी आबादी करीब 17 फीसदी है. इनमें से 38 फीसदी जाटव और 21 फीसदी वाल्मीकि है. इस बार के चुनाव में लीक से अलग हटकर बीजेपी ने दो सामान्य सीटों पर अनुसूचित जाति के उम्मीदवार उतारे हैं. वहीं कांग्रेस ने एक सामान्य सीट पर अनुसूचित जाति का उम्मीदवार उतारा है. लेकिन ऐसा कर पाने में आप नाकाम रही है. बीजेपी ने दीप्ति इंदौरा को मटिया महल और कमल बागड़ी को बल्ली मारान से उम्मीदवार बनाया है.वहीं कांग्रेस ने नरेला से अरुणा कुमारी को टिकट दिया है. यहां यह भी उल्लेखनीय है कि बीजेपी दिल्ली की 70 में से केवल 68 सीटों पर ही चुनाव लड़ रही है. उसने दो सीटें जेडीयू और लोजपा (रामविलास) के लिए छोड़ी हैं. वहीं दिल्ली में पिछले दो चुनाव से सभी आरक्षित सीटें जीतने वाली आम आदमी पार्टी ने केवल आरक्षित सीटों पर ही अनुसूचित जाति के उम्मीदवार उतारे हैं।

नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव की तस्वीर अब साफ हो चुकी है. ऐसे में चर्चा इस बात को लेकर चल पड़ी है कि दिल्ली में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटों पर इस बार किस पार्टी का दबदबा होगा.




### ›› किस दल को मिले किस जाति के वोट

सीएसडीएस लोकनीति के सर्वेक्षण के मुताबिक 2020 के विधानसभा चुनाव में जाटव जाति के 72 फीसदी मतदाताओं ने आप को वोट दिया था. वहीं बीजेपी को 22 और कांग्रेस को तीन फीसदी जाटव वोट मिले थे. वाल्मीकि जाति के 65 फीसदी वोट आप तो 29 फीसदी बीजेपी और चार फीसदी कांग्रेस को मिले थे. दूसरी अनुसूचित जातियों में से 66 फीसदी वोट आप तो 27 फीसदी बीजेपी और पांच फीसदी वोट कांग्रेस को मिले थे।

पिछले दो बार से आम आदमी पार्टी सभी आरक्षित सीटों पर जीत दर्ज कर रही है. दिल्ली की 70 सीटों वाली विधानसभा में अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 12 सीटें आरक्षित हैं. वहीं अगर वोट की बात करें तो दिल्ली के कुल मतदाताओं में से करीब 17 फीसदी मतदाता अनुसूचित जाति वर्ग के हैं।

परिसीमन से पहले दिल्ली में आरक्षित सीटों की संख्या 13 थी. साल 2008 तक दिल्ली में दलितों की राजनीति में कांग्रेस चैंपियन थी. लेकिन 2013 में आम आदमी पार्टी के आने के बाद सब कुछ बदल गया. उस चुनाव में आप ने 12 में से नौ सीटें जीतकर बड़ा फेरबदल कर दिया था. इसके बाद हुए दो चुनावों में आप ने एससी के लिए आरक्षित सभी 12 सीटें अपनी झोली में डाल ली थीं।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस करते कांग्रेस नेता उदित राज और अन्य नेता।

### ››› एससी के लिए आरक्षित सीटों पर किसका कैसा प्रदर्शन

अगर पिछले तीन चुनावों की बात करें तो दिल्ली में 2013 के चुनाव में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटों में से नौ पर आप, दो पर बीजेपी और एक पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी. वहीं 2015 और 2020 के चुनाव में सभी सीटें आप ने जीत ली थीं. वहीं अगर 2020 के विधानसभा चुनाव में राजनीतिक दलों को दलित बहुल 20 सीटों पर मिले वोटों और सीटों की बात करें तो आप ने इनमें से 19 पर जीत दर्ज करते हुए 55.7 फीसदी वोट अपने नाम किए थे. वहीं बीजेपी के हिस्से में एक सीट और 36.7 फीसदी वोट ही आए थे. कांग्रेस को कोई सीट तो नहीं मिली थी, लेकिन वह चार फीसदी वोट हासिल करने में कामयाब रही थी. अन्य के खाते में 3.6 फीसदी वोट आए थे।

राज और अन्य नेता।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस करते कांग्रेस नेता उदित राज और अन्य नेता.

दिल्ली की 70 सदस्यों वाली विधानसभा के लिए इस बार एक चरण में चुनाव कराया जा रहा है. इसके लिए कुल 699 उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं. दिल्ली में मतदान पांच फरवरी को कराई जाएगी.मतगणना आठ फरवरी को होगी।

## ज्वलंत मुद्दा सम्पादकीय



### युद्धमुक्त विश्व के ट्रंप के संकल्पों की रोशनी

राष्ट्रपति के तौर पर अपने दूसरे कार्यकाल पर लौटने से पहले ट्रंप ने तीसरा विश्व युद्ध रोकने की कसम खाकर दुनिया में शांति, अमन एवं अयुद्ध की संभावनाओं को बल दिया है। 47वें राष्ट्रपति के रूप में ट्रंप ने शपथ से एक दिन पहले गाजा में हुए युद्ध विराम का क्रेडिट भी लिया। रूस और यूक्रेन युद्ध भी खत्म करने की प्रतिबद्धता दोहरायी गयी है। बावजूद इनके विश्व युद्ध के कयास तेजी से लग रहे हैं। इसे लेकर भी कई सवाल उठते हैं कि क्या सच में तीसरा विश्व युद्ध होना इतना आसान है? लेकिन डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, ह्यमैं यूक्रेन में युद्ध खत्म कर दूंगा। मैं मध्य पूर्व में अराजकता रोक दूंगा और मैं तीसरे विश्व युद्ध को होने से रोक दूंगा। निश्चित ही ट्रंप के इन संकल्पों से अमेरिका में एक नए युग का आगाज हो रहा है, जो दुनिया में भी एक नई युद्ध मुक्त समाज-संरचना के बड़े बदलावों की ओर इशारा कर रहा है। राष्ट्रपति चुने जाने के बाद से ही ट्रंप कई संकेत ऐसे दे चुके हैं, जिनसे लगने लगा है कि दुनिया बदलने वाली है। ये बदलाव इस बात पर केंद्रित रहेंगे कि अमेरिका को फिर एक बार महान बनना है। यह मेक अमेरिका ग्रेट अगेन का नारा डोनाल्ड ट्रंप की एक नई पहचान बन गया है और बहुत संभावना है कि इस बार ट्रंप अपने सपने को साकार करने के लिए दुस्साहस का भी परिचय देते हुए युद्ध की मानसिकता वाले देशों की सोच में बदलाव का कारण बन जाये। विश्व में अनेक देशों के बीच युद्ध चल रहे हैं एवं ऐसे ही युद्ध की व्यापक संभावनाएं बनी हुई हैं। विश्व युद्ध कई कारणों से शुरू हो सकते हैं। जैसे राष्ट्रवाद यानी अपने देश के प्रति अत्यधिक लगाव और अन्य देशों के प्रति घृणा। जब राष्ट्रवाद चरम पर पहुंच जाता है तो युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है या फिर एक शक्तिशाली देश दूसरे देशों पर अपना अधिकार जमाना चाहता है, तो इससे युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है। इसके अलावा देशों के बीच आर्थिक प्रतिस्पर्धा भी युद्ध का कारण बन सकती है।

**SYED ZAKI HAIDER**

( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY

MOBILE NO. 9911371802

EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

---

कोलकाता महिला चिकित्सक हत्या में सजा का ऐलान

## आरोपी संजय रॉय को उम्रकैद

एजेंसी ■ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में सियालदह की एक सत्र अदालत ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के अभियुक्त (आरोपी) संजय रॉय को सोमवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास ने केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) दायर अभियोग पत्र पर प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के बयान और बचाव पक्ष की दलीलों को सुनने के बाद अभियुक्त रॉय को दोषी करार दिया था।

सीबीआई ने आज अदालत से इस जघन्य अपराध के लिए अदालत से आरोपी को फांसी की सजा सुनाये जाने की दलील दी थी। अदालत ने आज अपराह्न करीब पौने तीन बजे इस मामले में अपना फैसला सुनाते हुए आरोपी को उम्रकैद और 50 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनायी। सीबीआई ने बिरले से बिरला मामला बताते हुए दोषी को मौत की सजा दिये जाने की अपील की थी, लेकिन अदालत



ने कहा कि यह ऐसा मामला नहीं है। अदालत ने राज्य सरकार को पीड़िता चिकित्सक के परिवार को क्षतिपूर्ति के रूप में 17 लाख दिये जाने का आदेश भी दिया। पीड़िता प्रशिक्षु स्नातकोत्तर की द्वितीय वर्ष की छात्रा थी और अस्पताल में प्रशिक्षु रेजिडेंट डॉक्टर के रूप में कार्यरत थी। पिछले साल नौ अगस्त को रात्रि ड्यूटी में नागरिकों की सहायता के रूप में स्वयं सेवी के रूप में कार्यरत संजय रॉय ने एक कक्ष में अकेले पाकर पीड़िता चिकित्सक के साथ दुष्कर्म किया और जघन्य तरीके से उसकी हत्या कर दी थी। इसके विरोध में कोलकाता से देशभर में विरोध प्रदर्शन हुए थे। उच्चतम न्यायालय ने इस मामले की जांच कोलकाता पुलिस से लेकर सीबीआई को सौंप दी थी।

## केरल में 24 साल की युवती को फांसी की सजा

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के तिरुवनंतपुरम की डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने सोमवार को 24 साल की एक युवती को फांसी की सजा सुनाई। युवती ने अक्टूबर 2022 में आयुर्वेदिक टॉनिक में जहर मिलाकर अपने बॉयफ्रेंड को पिलाकर उसकी हत्या कर दी थी। युवती की शादी कहीं और तय हो गई थी, इसलिए उसने बॉयफ्रेंड से पीछा छुड़ाने के लिए उसकी जान ले ली। उसके चाचा निर्मला कुमारण नायर को हत्या में साथ देने और सबूत मिटाने का दोषी पाया गया गया, उसे 3 साल की सजा सुनाई गई। जबकि युवती की मां को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया। सजा सुनाते हुए अदालत ने कहा- ये रेयरेस्ट ऑफ द रेयर केस है। लड़की ने उस व्यक्ति को धोखा दिया जो उससे प्यार करता था और इससे समाज में अच्छा संदेश नहीं गया। ग्रीष्मा के वकील ने कहा- वह पढ़ी लिखी है और अपने माता-पिता की इकलौती बेटी है। उसका कोई क्राइम रिकॉर्ड भी नहीं है। ऐसे में सजा कम की जानी चाहिए।

जम्मू-कश्मीर के सोपोर में मुठभेड़ जारी

## सैनिक बलिदान, सेना ने कई आतंकवादियों की घेराबंदी की

एजेंसी ■ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के सोपोर उप-जिले में चल रहे आतंकवाद विरोधी अभियान में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड में एक सैनिक बलिदान हो गया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सोपोर के गुज्जरपति इलाके के जालोरा में रविवार शाम को संयुक्त बलों द्वारा अभियान शुरू किया गया, जिस दौरान एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया। पुलिस ने बताया कि घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान आतंकवादियों की ओर से गोलीबारी के बाद इलाके की घेराबंदी कर दी गई। सूत्रों ने कहा कि आतंकवादियों के साथ गोलीबारी में संयुक्त बलों की अग्रिम टीम का एक सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्होंने कहा कि सैनिक को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। सेना ने अभी तक मुठभेड़ के दौरान सैनिक के बलिदान होने की पुष्टि नहीं की है।

सेना के श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने बताया कि चल रहे अभियान के दौरान एक सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया। चिनार कोर ने कहा, अभियान अब भी जारी है। सेना ने रविवार देर रात कहा कि संदिग्ध गतिविधियों के बारे में खुफिया जानकारी मिलने के बाद अभियान चलाया गया। रविवार देर रात गोलीबारी के बाद रात में इलाके की कड़ी घेराबंदी की गई और आज सुबह संयुक्त बलों ने तलाश अभियान फिर से शुरू किया।



### पुंछ में तलाश अभियान के दौरान विस्फोटक बरामद

सुरक्षा बलों ने सोमवार को जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में तलाश अभियान के दौरान एक शक्तिशाली विस्फोटक को बरामद किया और उसे निष्क्रिय कर दिया। आधिकारिक प्रवक्ता के मुताबिक विशेष सूचना पर सुरक्षा बलों ने देगवार सेक्टर के दालान गांव में तलाश अभियान शुरू किया था। इसी दौरान जवानों ने इस्तेमाल के लिए तैयार विस्फोटक बरामद किया, जिसे बाद में निष्क्रिय कर दिया गया। उन्होंने बताया कि इलाके में तलाश अभियान जारी है।

## 500 के 46 नकली नोट के साथ पकड़ाया युवक

### राजस्थान का दोस्त देता था चलाने के लिए

■ इंदौर

लसूड़िया पुलिस ने जबलपुर के युवक के पास से 23 हजार रुपए के नकली नोट पकडे हैं। आरोपी ने आधे दाम पर यह नोट राजस्थान के अपने एक दोस्त से लेना कबूल किए है। नोट चलने के बाद उसे रुपए का भुगतान करना होता था। अब राजस्थान के आरोपी की पुलिस तलाश कर रही है।



विजयनगर एसीपी (आईपीएस) आदित्य पटले ने बताया कि शनिवार देर रात इल्वा स्कूल के पास युवक शुभम पिता मदन रजक(26)निवासी जबलपुर को नकली नोट चलाते हुए पकड़ा। अभी इंदौर में स्कीम नंबर 136 में रह रहा था। उसके पास 500 के 46 नोट मिले हैं। थाने लाकर पूछताछ की तो उसने ओर नोट होने की बात कबूली है। मामले में राजस्थान के महिलाल उर्फ मोहित बेड़ा निवासी जोधपुर राजस्थान की तलाश है। शुभम ने बताया कि वही उसे नोट मार्केट में चलाने के लिए देता था। इसके बदले उसे जब नोट चल जाए तो आधे रुपए उसे देना होते थे।पुलिस ने शुभम का सोमवार को कोर्ट से तीन दिन का रिमांड लिया है। अभी उससे ओर पूछताछ की जाएगी। शुभम को पकड़ने में थाना प्रभारी तारेश सोनी और उनकी टीम की महती भूमिका रही है।

**बड़ी मात्रा में खपाना चुका नोट-** एसीपी आदित्य पटले ने बताया कि शुभम ने शुरूआती पूछताछ में बड़ी मात्रा में नकली नोट बाजार में चलाना कबूल किया है। पुलिस ने उसके पास से जो नोट बरामद किए हैं वह हुबहू असली नोट जैसे हैं,ऐसे में आसानी से पहचान कर पाना मुश्किल होता है और इसी का फायदा उठाकर वह आसानी से बाजार में चला रहा था।

**हिंसा** गोली चलने से पांच लोग तो लाठी-डंडे से मारपीट में अनेक लोग हुए घायल

## कहीं हर्ष फायर तो कहीं जमीन और रंजिश में गोली चली

■ गुना/विदिशा/गंजबासौदा


प्रदेश में सोमवार को कहीं हर्ष फायर तो कहीं जमीनी विवाद में चली गोली से बालक सहित पांच लोग घायल हुए हैं। गुना के आरोन थानातंर्गत हर्ष फायर में एक 12 वर्षीय बालक सहित तीन लोग घायल हो गया। घायलों में हर्ष फायर करने वाले का पिता भी शामिल है। जबकि विदिशा के दीपनाखेड़ा थानातंर्गत ग्राम बिलोदा में पुरानी जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हुआ। जिसमें गोली चलने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।



**हर्ष फायर में 12 साल का बालक सहित तीन घायल-** गुना जिले के आरोन थानातंर्गत निवासी एक 12 साल का बालक सहित तीन लोग हर्ष फायर में गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यह तीनों अन्य ग्रामीणों के साथ पड़ोसी जिले विदिशा के लटेरी थानातंर्गत एक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। जानकारी के अनुसार, विदिशा जिले के लटेरी थानातंर्गत हरिपुर गांव में सोमवार को चौक का कार्यक्रम था।



**पुरानी रंजिश पर दो पक्षों में मारपीट, एक युवक को लगी गोली-** विदिशाके दीपनाखेड़ा थानातंर्गत ग्राम बिलोदा में पुरानी जमीन रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हुआ। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले और फायरिंग हुई। फायरिंग में एक युवक को गोली लगी है। वहीं दो अन्य लोग भी घायल हुए हैं। गुर्जर परिवार और चिढार परिवार के बीच पुरानी रंजिश चल रही है।



**जमीनी विवाद में चली गोली, एक घायल-** गंजबासौदाके नवीन मंडी के समीप गंजबासौदा वार्ड 23 निवासी सोनू कुशवाह उम्र करीब 31 को जमीनी विवाद के चलते दो युवकों ने पहले मारपीट की फिर उसे गोली मार दी जिसमें युवक बुरी तरह घायल हो गया। घटना में घायल युवक में उपचार के लिए राजीव गांधी जन चिकित्सालय लाया गया है। गोली युवक की जांघ में लगी है।

## पीसीसी का संगठन प्रभारी प्रियव्रत या कामले! संगठन में बदलाव के बाद खींचतान

### संगठन प्रभारी कौन प्रियव्रत सिंह या संजय कामले, कामले के कक्ष पर लगी गौरव रघुवंशी की तख्ती

■ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस के संगठन में पिछले दिनों हुए बदलाव के बाद अब खींचतान शुरू हो गई है। प्रभारियों की सूची में जिस तरह से काम का बंटवारा हुआ है, उसमें संगठन प्रभारी उपाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह को बनाए जाने का प्रचार हुआ मगर उसी सूची में महामंत्री संजय कामले को प्रभारी के रूप में संगठन का नाम भी उल्लेख है। इसी तरह कई अन्य प्रभारियों को दी गई जिम्मेदारियों से भी टकराव की स्थिति बन रही है। वहीं, कामले के संगठन प्रभारी महामंत्री बनाए जाने के बाद भी उनके कक्ष पर प्रशासन प्रभारी गौरव रघुवंशी का कब्जा हो गया है।

मप्र कांग्रेस में कुछ दिन पहले नौ जनवरी को संगठनात्मक बदलाव के बाद नेताओं के बीच आपसी खींचतान के बीच नेताओं ने कार्यालय आना बंद कर दिया, तो कुछ के बैठने के लिए प्रदेश कार्यालय में कक्ष भी नहीं है। प्रभारियों के रूप में दी गई जिम्मेदारियों से टकराव की स्थिति पहले दिन से ही बन गई थी जब सूची जारी हुई थी। संगठन प्रभारी राजीव सिंह के स्थान पर कौन संगठन प्रभारी है, यह पहले दिन से ही असमंजस की स्थिति है। पांचवें- छठें उपाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह को प्रभारी के रूप में संगठन की जिक्र किया गया तो सूची में 21वें नंबर पर महामंत्री संजय कामले को प्रभारी संगठन बताया गया।

### विभाग-प्रकोष्ठ प्रभारी अलग, विभाग प्रभारी भी

संगठन प्रभारी की तरह विभाग-प्रकोष्ठों को लेकर भी भ्रम की स्थिति बनी हुई है। प्रभारियों की सूची में डॉ. महेंद्र सिंह चौहान को इन सबका प्रभारी बताया गया है और साथ ही कुछ विभागों व प्रकोष्ठों के अलग से प्रभारी बना दिए गए हैं। इस विसंगति में सबसे ऊपर प्रशिक्षण विभाग का नाम है जिसमें प्रभारी महेंद्र जोशी और सह प्रभारी विभा बिंदू व निधि चतुर्वेदी को बनाने का सूची में उल्लेख है। वहीं, अल्पसंख्यक विभाग में हमीद काजी, पिछड़ा वर्ग विभाग में राधे बघेल, विचार विभाग में भूपेंद्र गुप्ता, प्रोटोकॉल विभाग में राजकुमार सिंह व विजय सिरवैया, विधि विभाग में जय हाडिया तथा विधि प्रकोष्ठ में एडवोकेट अजय गुप्ता पृथक से प्रभारी बना दिए गए हैं।

# खरगे बोले- आरएसएस-भाजपा के लोग संविधान को खत्म करने और देश को तोड़ने वाले



**नई दिल्ली।** 21 जनवरी महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को कर्नाटक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सुवर्ण विधान सौध परिसर में महात्मा गांधी जी की प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौके पर पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रदेश प्रभारी महासचिव रणदीप सुरजेवाला, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार समेत पार्टी के तमाम नेता मौजूद रहे। इसके उपरांत बेलगावी में आयोजित ह्यजय बापू-जय भीम-जय संविधान महारैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे आरएसएस-भाजपा पर जमकर हमलावर रहे। उन्होंने कहा कि आरएसएस-भाजपा के लोग संविधान को जलाने-खत्म करने और देश को तोड़ने वाले लोग हैं। वहीं राहुल गांधी ने देश को जोड़ने के लिए कन्याकुमारी से कश्मीर तक पदयात्रा की। जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी लोगों से भारत छोड़ो आंदोलन में भाग नहीं लेने की बात कहते थे। यही नहीं, उन्होंने ब्रिटिश गवर्नर को चिट्ठी लिखकर कहा था कि यदि गांधी जी के इस आंदोलन को नहीं कुचला गया तो बहुत बुरा हो जाएगा। इस दौरान खरगे ने गृह मंत्री अमित शाह की संसद में बाबा साहेब डा भीम राव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री ने संसद में बाबा साहेब का अपमान करते हुए कहा कि आजकल जितनी बार उनका नाम लिया जाता है, अगर इतना नाम भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग में जाते। हम सभी ने इस अपमान के विरोध में अमित शाह के खिलाफ धरना दिया और उनका इस्तीफा मांगा। हमारी आज भी वही मांग है कि अमित शाह को अपने पद से इस्तीफा देना होगा। वहीं नरेंद्र मोदी ने कहा था कि महात्मा गांधी जी को दुनिया में 'गांधी' फिल्म आने के बाद पहचान मिली। ये बहुत शर्मनाक बयान है। जिन्होंने कभी इतिहास नहीं पढ़ा, जिन्हें इतिहास की कोई जानकारी नहीं है, आज ऐसे लोग सत्ता में बैठे हैं। वहीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि राहुल गांधी हर रोज संविधान के लिए लड़ते हैं। जब वे संसद में जनता की आवाज उठाते हैं, तब मोदी सरकार संसद को स्थगित करने की कोशिश करती है, क्योंकि वह राहुल गांधी से डरती है। मोदी सरकार के लोग उन्हें देखकर कांपते हैं, क्योंकि राहुल गांधी सच्चाई की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन पर तमाम केस लगाए जा रहे हैं, लेकिन वे डरेंगे नहीं।

# आमिर सिद्दीकी और अन्य दिव्यांगों द्वारा विश्व की सबसे लम्बी 6000 किमी संगति दिव्यांग यात्रा रेट्रोफिटेड स्कूटी से



**नई दिल्ली।** 21 जनवरी 2025 (संवाददाता) विश्व की सबसे लंबी यात्रा संगति दिव्यांग यात्रा को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा के प्रमुख श्री देवेश चंद्र श्रीवास्तव आईपीएस, डॉ. विजय दत्ता (प्रिंसिपल, मॉडर्न स्कूल, बाराखम्बा रोड, दिल्ली) मिस अम्बिका पंत (बोर्ड ऑफ ट्रस्टी, मॉडर्न स्कूल, बाराखम्बा रोड, दिल्ली) माउंटेन मैन श्री दीपक गुप्ता, श्री नरेश सचदेवा (पैरा स्पोर्ट्स ऑफिसर, मॉडर्न स्कूल, दिल्ली) मुकेश सिन्हा और भाजपा नेता मोहम्मद इरफान अहमद सहित प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. दीपा मलिक पैरालिंपियन गोल्ड मेडलिस्ट द्वारा मॉडर्न स्कूल, बाराखंभा रोड, दिल्ली से एक प्रेरणादायक विश्व की सबसे लम्बी सुगम्य जागरूकता राइड यात्रा को हरी झंडी दिखाई गई ! विश्व की सबसे लंबी सुगम्य जागरूकता राइड 6 दिव्यांग आमिर सिद्दीकी (दिव्यांगता अधिकार रक्षक) सुधीर धीर (ट्रस्टी फाउंडरः संगति फाउंडेशन) पवन कश्यप, सूरज पी, राजू कुमार एवं तेजपाल यादव द्वारा रेट्रोफिटेड स्कूटी से 6000 किमी की दूरी को 35 दिनों में तय किया गया। 15 दिसम्बर, 2024 को इंडिया गेट, दिल्ली से शुरू होकर 12 राज्यों के प्रमुख शहर सवाई माधोपुर, उज्जैन, मालेगांव, पुणे, सतारा, गोवा, मंगलुरु, त्रिस्सूर, कन्याकुमारी, रामेश्वरम, धनुषकोड़ी (श्रीलंका बॉर्डर), पॉन्डिचेरी, तिरुपति, कर्नूल, हैदराबाद, नागपुर, सागर, झाँसी, ग्वालियर, मथुरा, फरीदाबाद होते हुए 20 जनवरी 2025 को दिल्ली के इंडिया गेट में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। संगति यात्रा का आयोजन संगति फाउंडेशन के द्वारा किया गया, इस फाउंडेशन के संस्थापक श्री सुधीर धीर एवं मिस अलका सेलोट अस्थाना हैं संगति फाउंडेशन दिव्यांगों के सशक्तिकरण और अधिकारों की दिशा में काम करती है।

# अक्षय कुमार, वीर पहाड़िया दिनेश विजन और अमर कौशिक ने दिल्ली में किया फिल्म 'स्काई फोर्स' का प्रमोशन



**दिल्ली।** हाल ही में अभिनेता अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया अपनी आने वाली फिल्म 'स्काई फोर्स' के प्रमोशन के लिए दिल्ली आए। प्रमोशनल कार्यक्रम में इस फिल्म के निमार्ता दिनेश विजन और अमर कौशिक भी मौजूद थे। फिल्म का यह प्रमोशनल कार्यक्रम यहां के होटल द इंपीरियल में आयोजित किया गया। फिल्म 'स्काई फोर्स' 24 जनवरी, 2025 को रिलीज होने वाली है। यह फिल्म 1965 के भारत-पाकिस्तान हवाई युद्ध में पाकिस्तान के सरगोधा एयरबेस पर भारत के जवाबी हमले के बारे में है, जो भारत का पहला हवाई हमला था।

# वीरेंद्र सचदेवा की उपस्थिति में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस से प्रमुख गणमान्य व्यक्ति भाजपा परिवार में हुए शामिल

नई दिल्ली, जनवरी : दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा की उपस्थिति में कस्तूरबा नगर विधानसभा के कोटला वार्ड से 2022 चुनाव में आम आदमी पार्टी प्रत्याशी रही रिंकू मित्तल और उनके पति सामाजिक कार्यकर्त्ता सुनील मित्तल ने अपने समर्थकों के साथ आज भाजपा की सदस्यता ग्रहण की और भाजपा प्रत्याशी नीरज बसोया को पूर्ण समर्थन की घोषणा की। इसके साथ ही आदर्श नगर विधानसभा से कांग्रेस के प्रमुख कार्यकताओं ने भाजपा प्रत्याशी राज कुमार भाटिया के समर्थन में भाजपा में शामिल हुए।

आदर्श नगर विधानसभा से बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एस. सी. दीक्षित, अजय शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्त्ताओं ने भाजपा का दामन थामा। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता एवं पार्टी ज्वाइनिंग कमेटी सदस्य नितिन त्यागी उपस्थित थे। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस से आए नेताओं का पटका पहनाकर वीरेंद्र सचदेवा ने स्वागत किया और कहा कि अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचार में पूरी तरह लिप्त हैं और कांग्रेस अपना वजूद बचाने की लड़ाई लड़ रही है इसलिए इन दोनों पार्टियों को दिल्ली की जनता नकारने वाली है और अब दिल्ली में डबल इंजन की सरकार बनने के बाद यहाँ विकास की गाड़ी तेज गति से दौड़ेगी।

# सरकारी स्कूल से इनवर्टर बैटरी व लोहे के एंगल चोरी

खरखौदा, जनवरी : पहलादपुर किढ़ौली गांव के सरकारी स्कूल से 8 इनवर्टर, बैटरी व लोहे के एंगल चोरी हो गए हैं। माली एवं वाटर कैरियर ओम पति ने बताया कि जब वह स्कूल में पौधों की साफ-सफाई का कार्य कर रही थी। उसने देखा कि स्टोर रूम का ताला टूटा हुआ है। जिसमें से लगभग आठ इनवर्टर बैट्री व लोहे की मोटी एंगल गायब हैं। इस बारे में उन्होंने तुरंत प्राचार्य रविकांत व पुलिस को सूचित किया।पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दिल्ली में कांग्रेस द्वारा बनाए गए गरीबों के फ्लैट बर्बाद, दिल्ली की जहरीली हवा और गंदा पानी स्वास्थ्य के लिए खतरा : राजीव शुक्ला

नई दिल्ली, जनवरी : राज्यसभा सदस्य और हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी राजीव शुक्ला ने भाजपा और आम आदमी पार्टी (आप) पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि इन दोनों पार्टियों के बीच श्रेय लेने की लड़ाई के कारण राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में नागरिक ढांचे और विकास को भारी नुक्सान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा गरीबों के पुनर्वास के लिए बनाए गए हजारों फ्लैट अब भी खाली पड़े हैं, जिससे गरीबों को भारी नुकसान हो रहा है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में आयोजित प्रैस कॉन्फ्रैंस में राजीव शुक्ला ने कहा कि भाजपा और आप सरकारें दूसरों के कार्यों का श्रेय लेने की आदत से ग्रस्त हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इन पार्टियों ने कांग्रेस द्वारा शुरू की गई योजनाओं को अपना बताकर जनता को गुमराह किया। इस मौके पर एआईसीसी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे, ज्योति सिंह, असमा तस्लीम, रश्मि सिंह मिगलानी और डॉ. अरुण अग्रवाल भी मौजूद थे। शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी डॉ. मनमोहन सिंह द्वारा शुरू की गई योजनाओं का श्रेय लिया। यहां तक कि चंद्रयान प्रोजेक्ट, जो डॉ. मनमोहन सिंह का योगदान था, का भी श्रेय मोदी ने लिया। उन्होंने कहा कि गरीब और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए कांग्रेस द्वारा शुरू की गई योजनाओं को भाजपा और आप ने दोबारा पेश कर जनता को भ्रमित करने का काम किया। शुक्ला ने कहा कि दिल्ली की हवा इतनी जहरीली हो गई है कि सांस लेना मुश्किल हो गया है। यमुना नदी का पानी भी इतना प्रदूषित है कि छठ पूजा जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजनों को रोक दिया गया। कांग्रेस सरकार ने यमुना किनारे छठ घाट बनाए थे, लेकिन अब वहां पूजा करना संभव नहीं है।

# आज का दिन दिल्ली के इतिहास में एक काले अध्याय के रूप में जाना जाएगा : देवेंद्र यादव

नई दिल्ली, जनवरी : दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने जारी एक बयान में बताया कि आज का दिन दिल्ली के इतिहास में एक काले अध्याय के रूप में जाना जाएगा जब दलित समाज की मुखर आवाज उदित राज को सिर्फ.इसलिए गिरफ़्तार किया गया कि वो समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों की आवाज उठा रहे थे। डा. उदित राज अरविन्द केजरीवाल से बौद्ध विहार, वाल्मीकि मंदिरों, रविदास मंदिरों के पुजारियों और चर्चो के पादरियों के लिए 18 हजार रुपये मासिक देने की मांग उनके निवास पर कर रहे थे। क्योंकि केजरीवाल ने ग्रंथियों और पुजारियों 18 हजार रुपये मासिक देने की घोषणा की थी। देवेन्द्र यादव ने कहा कि हम यह बात लागातार कहते रहे है कि केजरीवाल की 10 वर्षो से सरकार दिल्ली में है और 3 वर्षो से पंजाब में है। वो दलितों के उपर लगातार कुठाराघात कर रहे है। दलितों के हकों की आवाज उठाने पर डा. उदित राज को पुलिस द्वारा हिरासत में लेना लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल का दलित और अल्पसंख्यक विरोधी चेहरा उजागर हो गया क्योंकि जब दलितों के अधिकारों की हम लड़ाई लड़ते है तो भाजपा और और आम आदमी पार्टी दोनो को दिक्कत होती है। केजरीवाल ने 11 वर्षो में एक भी दलित और अल्पसंख्यक वर्ग के राज्यसभा सांसद नहीं बनाया। केजरीवाल का दलित विरोधी चेहरा साफ दिखाई देता है अगर कोई अपने हकों की बात करता है तो उसे निकाल दिया जाता है जैसे डा अम्बेडर जी की बात करने पर अपने मंत्री राजेन्द्र पाल गौतम को निकाल दिया इसी तरह राजकुमार आनंद को भी दलित के हक की बात करने पर निकाला गया था।

# अक्षय गर्ग सर्वसम्मति से चुने गए श्री अग्रवाल सभा युवा इकाई के प्रधान

- समाज कार्यों के लिए जोड़ेंगे अधिक से अधिक युवा : गर्ग



श्री अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ युवा इकाई के प्रधान अक्षय गर्ग। (डिम्पी)

लाडवा, जनवरी : लाडवा की श्री अग्रवाल सभा की युवा इकाई का प्रधान सर्वसम्मति से अक्षय गर्ग को चुना गया। युवा इकाई के पूर्व प्रधान व सभा के मीडिया समन्वयक अमित सिंघल ने बताया कि सभा की कार्यकारिणी की बैठक में अक्षय गर्ग को युवा इकाई का सर्वसम्मति से प्रधान घोषित किया गया। वहीं सुमित गोयल को सचिव, केशव सिंघल को कोषाध्यक्ष, मयंक गोयल व रजत बंसल को उपप्रधान, अमन गर्ग व शशांक सिंघल को सह सचिव और रोहित सिंगला, ईशान गर्ग व गौरव सिंगला को सलाहकार नियुक्त किया गया। वहीं नवनियुक्त प्रधान अक्षय गर्ग ने कहा कि समाज ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है उसके लिए वो सभी का धन्यवाद करते हैं और अपने साथ समाज के ज्यादा से ज्यादा युवाओं को जोडकर सभा के मार्गदर्शन में समाज उत्थान के अधिक से अधिक कार्य करेंगे। वहीं श्री अग्रवाल सभा के प्रधान विकास सिंघल ने कहा कि युवा किसी भी समाज की रीढ़ की हड्डी होते हैं और यदि युवा अपने आप को व्यवस्थित करते हुए समाज के लिए काम करे तो समाज का विकास स्वभाविक है। मौके पर डा. एसपी बंसल, दुर्गेश गोयल, शालू बंसल, रविन्द्र बंसल, रोशन लाल गोयल, योधराज बंसल, अरविन्द सिंगल, राकेश गर्ग बबली, नवीन गर्ग, नरेश बंसल, योगिन्दर सिंघल, अमित गोयल, हरिन्द्र सिंघल, अंकुर गुप्ता, विशाल मित्तल, संदीप गर्ग, लक्की गर्ग, रुमीत गर्ग, सुरेन्द्र गर्ग, सुभाष जिंदल आदि मौजूद थे।

# उत्तर पश्चिम रेलवे के रेलकर्मियों ने मानव सेवा हेतु राशन सामग्री भेजी

नई दिल्ली, जनवरी : उत्तर पश्चिम रेलवे के रेलकर्मचारीगण, घर से निष्कासित, निशक्तजन तथा शारीरिक रूप से असक्षम लोगों के लिए कार्य कर रही संस्थाओं के लिये राशन सामग्री भेजते रहे हैं। सोमवार को दो गाड़ियों को राशन सामग्री भर कर मुख्यालय से रवाना किया गया। साथ ही मुख्यालय परिसर में बन रहे मल्टीपरपस हॉल और भूमिगत पार्किंग का भूमिपूजन किया गया। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार खाद्य सामग्री से युक्त 2 गाड़ियों को प्रधान कार्यालय में अमिताभ, महाप्रबन्धक उत्तर पश्चिम रेलवे ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उत्तर पश्चिम रेलवे के कर्मचारियों द्वारा मानव कल्याण एवं सेवा के उद्देश्य से एक संस्था पल्लव-एक उम्मीद बनाई गई है। अमिताभ, महाप्रबन्धक ने कहा कि इस तरह के पुनीत कार्यों में सभी को आगे आकर सहयोग करना चाहिए। पल्लव-एक उम्मीद संस्थान के तत्वाधान में उत्तर पश्चिम रेलवे के कर्मचारियों के सहयोग से लगभग 3 लाख रुपयों की 6700 किलो राशन सामग्री अपना घर आश्रम, बस्सी,जयपुर, नेत्रहीन संस्थान, जयपुर, पतित पावन सेवा समिति,जयपुर तथा नया सवेरा जयपुर संस्थानों को भेजे गए। इस अवसर पर मुख्यालय के कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नकली लेबर कमिश्नर बन एसएचओ को फोन पर दी धमकी

पिहोवा, जनवरी : फर्जी लेबर कमिश्नर बनकर एसएचओ पर दबाव बनाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने जब नंबर की जांच की तो यह पास के गांव नंदूखेड़ा के एक युवक का निकला। नकली लेबर कमिश्नर को पकड़ने जब पुलिस उसके गांव गई तो वह घर से भाग गया। फिलहाल पुलिस ने उसके खिलाफ रोजनामचा केस दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि गांव बीबीपुर कलां में एक चोरी के केस के सिलसिले में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। जिसमें जांच चल रही थी। आरोप है कि उक्त युवक ने नकली लेबर कमिश्नर बनकर एसएचओ पर दबाव बनाने का प्रयास किया। इतना ही एसएचओ को कहा गया कि पंचकूला में उसका ऑफिस है और इस केस में उसे आरोपी के पक्ष में कार्रवाई करनी है। आरोपी जिस का नाम फोन पर एसएचओ के सामने ले रहा था वह लेबर कमिश्नर आरोपी पड़ोसी है।

# एनडीएमसी के वाइस चेयरमैन कुलजीत चहल का किया स्वागत

नई दिल्ली, जनवरी : मीडिया फोटो जर्नलिस्ट ट्रस्ट के अध्यक्ष नवल हंस ने एनडीएमसी के वाइस चेयरमैन कुलजीत चहल जी का स्वागत किया। स्वागत के दौरान कुलजीत चहल जी को फूलों का गुलदस्ता देकर उन्हें माधवराव सिंधिया मार्ग स्थित मीटिंग पॉइंट पर स्वागत किया गया। एनडीएमसी के वाइस चेयरमैन कुलजीत चहल जी आज प्रिंट मीडिया फोटो पत्रकारों से मिलने के लिए आमंत्रित थे। इस दौरान सभी मीडिया फोटो पत्रकार मौजूद थे और उन्होंने कुलजीत चहल जी से आकर चर्चा की। कुलजीत चहल ने मीडिया फोटो पत्रकारों से मिलने के दौरान बताया कि आचार संहिता से पहले मीडिया के लिए कुछ रिनोवेशन काम किए गए हैं, जिसका धन्यवाद मीडिया द्वारा किया गया। उन्होंने मीडिया के सभी फोटो पत्रकारों के लिए अपनी तत्परता जताते हुए कहा कि यदि किसी को कोई समस्या हो, तो वे सीधे मुझसे संपर्क कर सकते हैं, हमारे दरवाजे हमेशा खुले हैं। इस मौके पर मीडिया फोटो जर्नलिस्ट ट्रस्ट के अध्यक्ष नवल हंस,जगजीत सिंह व अन्य गणमान्य मौजूद थे। सभी ने कुलजीत चहल का फूलों का गुलदस्ता और शाल देकर स्वागत किया और चाय पर चर्चा की।

# पेपरवर्ल्ड इंडिया : स्टेशनरी और शैक्षणिक सामग्री का व्यापक प्रदर्शन

नई दिल्ली, जनवरी : पेपरवर्ल्ड इंडिया और कॉर्पोरेट गिफ्ट्स शो का आगामी संस्करण 23 से 25 जनवरी 2025 के बीच मुंबई के बॉम्बे प्रदर्शनी केंद्र में आयोजित होगा। यह प्रमुख आयोजन स्टेशनरी, कला, शिल्प और कॉर्पोरेट उपहारों के क्षेत्र में उभरते रुझानों और नवीन समाधानों को प्रदर्शित करने का एक अद्वितीय मंच है। शो में 350 से अधिक प्रदर्शक टिकाऊ कागज, शैक्षिक खिलौने, कस्टमाइज्ड गिफ्टिंग और फार्मा पैकेजिंग जैसे क्षेत्रों में अपनी नवीनतम पेशकशें प्रस्तुत करेंगे। पेपरवर्ल्ड इंडिया रचनात्मक सामग्री, ग्रीन स्टेशनरी, स्कूल और कार्यालय आपूर्ति से लेकर डिजिटल शिक्षण सामग्री और कक्षा उपकरण तक उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला को कवर करेगा। कॉरपोरेट गिफ्ट्स शो में ब्रांड्स जैसे किमिरिका, लोयका, सफायर चॉकलेट्स और नसीम परफ्यूम्स के साथ-साथ प्रीमियम और कस्टमाइज्ड उपहार, मौसमी और त्यौहारी उत्पादों की झलक मिलेगी। मेसे फ्रैंकफर्ट एशिया होल्डिंग्स लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक राज मानेक ने कहा, यह शो उद्योग को आकार देने वाले रुझानों और नवाचारों को प्रदर्शित करेगा।

# बिहार बना 1000 करोड़ के Paper Leak Racket का सेंटर



**दिल्ली।** Paper leak भारत के गरीब युवाओं का अधिकार छीनने, उनके हुनर और सपनों को दबाने का हथियार है। हर भाजपा शासित प्रदेश में आए दिन ऐसी घटनाएं हो रही हैं और उसके ऊपर से अपने हक की आवाज उठाते युवाओं पर बर्बरता के साथ अन्याय कर उनके विरोध को कुचला जाता है। हाल ही में बिहार में हुए BPSC परीक्षा घोटाले और उसके बाद लाठीचार्ज और पुलिस द्वारा हिंसा से पीड़ित छात्रों से मुलाकात कर गंभीर मुद्दों पर चर्चा हुई। छात्रों ने पूरे विस्तार से इस पेपर लीक और एक्जाम घोटाले के चक्रव्यूह का खुलासा किया। परीक्षा के दौरान ही प्रश्नपत्र लीक हो जाते हैं। परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र मिले न मिले सोशल मीडिया पर वायरल जरूर हो जाते हैं। अभ्यर्थियों को नॉर्मलाइजेशन और स्केलिंग जैसे कुचक्र में फंसाया जाता है ताकि वो अपने स्कोर से भी अपने रोजगार की गारंटी ना जान पाएं। गांधीवादी तरीके से विरोध कर रहे छात्रों पर बर्बर लाठीचार्ज कर दिया जाता है। उस के बाद जबरदस्ती उनपर केस पे केस डाले जाते हैं। 28 परीक्षा केंद्रों में धांधली हुई मगर सरकार मानने को तैयार नहीं। यह वीडियो उन हजारों छात्रों की आवाज है, जो न्याय और Re-exam की मांग कर रहे हैं। इनकी बातें सुनकर उनकी मांगे संसद में उठाने का वादा किया है - यह सिर्फ बिहार नहीं पूरे देश की समस्या है, हर आकांक्षी युवा की परेशानी है। इन एकलव्यों का अंगूठा काटने नहीं दूंगा।

# आप को लगा तगड़ा झटका

## दो पार्षद और पूर्व विधायक भाजपा में हुए शामिल


**दिल्ली।** विधानसभा चुनाव को लेकर राजधानी में सियासी हलचल जारी है। इन सबके बीत आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। आप के दो पार्षद, पूर्व विधायक बीजेपी में शामिल हो गए हैं। भजनपुरा से निगम पार्षद रेखा रानी और ख्याला से पार्षद शिल्पा कौर बीजेपी में शामिल हुईं। इसके साथ ही 2015-20 में घोंडा से विधायक रहे श्रीदत्त शर्मा ने भी आप को अलविदा कह दिया। उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया है। वहीं, संजय सिंह के सांसद प्रतिनिधि चौधरी विजेंद्र भी बीजेपी में शामिल हो गए। ये नेता पार्टी में हर्ष मल्होत्रा, मनोज तिवारी और कमलजीत सहरावत की मौजूदगी में शामिल हुए। इससे पहले आम आदमी पार्टी (आप) के कई नेता और सदस्य प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की मौजूदगी में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। मॉडल टाउन विधानसभा के कमला नगर वार्ड से दो बार चुनाव लड़ चुके कपिल नागर बीजेपी में शामिल हो गए। उनके साथ आम आदमी पार्टी के 100 से ज्यादा कार्यकर्ता भी बीजेपी में शामिल हुए। इस बीच, कई आप कार्यकर्ता भाजपा के रमेश बिधूड़ी की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हो गए, जो दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कालकाजी विधानसभा से भाजपा के उम्मीदवार हैं। दिल्ली में 5 फरवरी को मतदान होगा और वोटों की गिनती 8 फरवरी को होगी। दिल्ली में सत्तारूढ़ आप, भाजपा और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना है। दिल्ली में लगातार 15 साल तक सत्ता में रहने वाली कांग्रेस को पिछले दो विधानसभा चुनावों में झटका लगा है और वह एक भी सीट जीतने में नाकाम रही है। 2020 के विधानसभा चुनाव में आप ने दबदबा बनाते हुए 70 में से 62 सीटें जीतीं, जबकि बीजेपी को आठ सीटें मिलीं।

# केजरीवाल ने भाजपा के घोषणापत्र को बताया खतरनाक

## बोले- सरकारी स्कूलों में बंद कर दी जाएगी मुफ्त शिक्षा

**दिल्ली।** के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को भाजपा के चुनाव घोषणापत्र को 'देश के लिए खतरनाक' बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी सत्ता में आने पर सरकारी स्कूलों में मुफ्त शिक्षा बंद करने और मोहल्ला क्लीनिक समेत मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं को खत्म करने की योजना बना रही है। एक संवाददाता सम्मेलन में, केजरीवाल ने भाजपा पर घोषणापत्र में अपने असली इरादों को उजागर करने का आरोप लगाया और मतदाताओं को पार्टी का समर्थन करने के खिलाफ चेतावनी दी। केजरीवाल ने एक्स पर लिखा कि जारी किए गए अपने दो संकल्प पत्रों में बीजेपी ने कबूल किया है और सीधे ऐलान कर दिया है कि वे दिल्ली के मोहल्ला क्लिनिक बंद कर देंगे और दिल्ली के सरकारी स्कूलों में मिलने वाली फ्री शिक्षा बंद कर देंगे। उन्होंने कहा कि मैंने तो पहले ही कहा था कि बीजेपी दिल्ली का चुनाव केवल और केवल दिल्ली में लोगों को मिलने वाली सभी योजनाओं को बंद करने के लिए लड़ रही है। इन्होंने अब कबूल कर लिया कि वे फ्री शिक्षा और फ्री इलाज (दवाईयां, टेस्ट और सर्जरी) बंद कर देंगे। लेकिन देख लेना कि ये लोग अन्य योजनाएं जैसे फ्री बिजली, पानी और महिलाओं की फ्री बस यात्रा भी बंद कर देंगे। केजरीवाल ने लोगों से कहा कि गलत बटन मत दबा देना।

# शैक्षिक विकास के लिए मर्कजी तालीमी बोर्ड का वित्त मंत्री को महत्वपूर्ण सुझाव



**नई दिल्ली।** 21 जनवरी, 2025: मर्कजी तालीमी बोर्ड के अध्यक्ष प्रोफेसर इंजीनियर मोहम्मद सलीम ने भारत की वित्त मंत्री को आगामी केंद्रीय बजट 2025-26 के लिए सुझाव रूप में एक विस्तृत पत्र सौंपा है। ये सुझाव विशेष रूप से अल्पसंख्यकों और पिछड़े वर्गों के शैक्षिक मानकों में सुधार के साथ-साथ उनके सामाजिक और शैक्षिक विकास पर केंद्रित हैं। प्रोफेसर सलीम ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत का शिक्षा पर वर्तमान व्यय सकल घरेलू उत्पाद का केवल 2.9% है जो वैश्विक मानकों से काफी नीचे है। इसके प्रकाश में उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की सिफारिशों के अनुरूप शिक्षा बजट को सकल घरेलू उत्पाद के 6% तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने शिक्षा के निजीकरण को रोकने तथा शिक्षा प्रत्येक नागरिक के लिए सुलभ बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रोफेसर सलीम ने उच्च शिक्षा जैसे - आईआईएम, आईआईटी, एनआईटी और मेडिकल कॉलेजों आदि प्रतिष्ठित संस्थानों की फीस में कमी का सुझाव दिया। इससे उच्च गुणवत्ता वाले संस्थान अधिक संख्या में छात्रों के लिए सुलभ हो जाएंगे। उन्होंने छात्रवृत्तियों की संख्या और राशि दोनों बढ़ाने की सिफारिश की तथा उच्च शिक्षा संस्थानों में बुनियादी ढांचे, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों और डिजिटल पुस्तकालयों के लिए अधिक धनराशि आवंटित करने का आग्रह किया।इसके अतिरिक्त, उन्होंने अनुसंधान और फेलोशिप अनुदान में पर्याप्त वृद्धि के महत्व पर बल दिया।

## समाचार

## ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र खड्गवंशी ने नाला व सड़क का फीता काट कर किया शुभारंभ



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर/गंगेश्वरी।** मंगलवार को गंगेश्वरी ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र खड़कवंशी ने अपने क्षेत्र के विकास कार्य को गति देते हुए ग्राम पंचायत देहरी खादर में 400 मी नाला और 250 मीटर आरसीसी सड़क का फीता काटकर शुभारंभ किया, इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र खड़कवंशी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा क्षेत्र के विकास में कोई कौर कसर नहीं छोड़ी जा रही है तथा प्रत्येक ग्राम में सड़क व नालो का जाल बिछाया जा रहा है, क्षेत्र मे विकास की गंगा बहती रहेगी, इस मौके पर ग्राम प्रधान पति कुंवर पाल सिंह, अध्यक्ष पप्पू सिंह, विजेंद्र प्रधान, चरण सिंह प्रधान, हेतराम प्रधान, दुदाराम प्रधान, रूप किशोर राशन डीलर, सोहनलाल सिंह, देवेंद्र सिंह राणा, मनोज कुमार आदि सहित दर्जनों ग्रामवासी मौजूद रहे।

## श्री राम सेवा समिति द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** मंगल वार को श्री राम सेवा समिति जनपद अमरोहा के साप्ताहिक धार्मिक कार्यक्रम घर-घर श्री हनुमान चालीसा का पाठ व आरती के अंतर्गत इस मंगलवार को श्री बालाजी भगवान का चालीसा पाठ व आरती कुलदीप अग्रवाल जैतोली वाले के आवास पर संपन्न हुआ चालीसा का पाठ करने के बाद श्री बालाजी भगवान की आरती कर प्रसाद का वितरण किया चालीसा में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष पंकज भटनागर, रानू रस्तोगी, विजय पारछा, मुकुल अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, जतिन गुर्जर, प्रखर अग्रवाल, बबलू पाल, मनोज शर्मा, सोनू सैनी, पवन चौहान, सौरव गुप्ता, राजन पाल, पुनीत अग्रवाल, दामोदर शर्मा, संजीव शर्मा, अर्थ भटनागर, निमेष अग्रवाल, अतुल गुप्ता, मोहित सुशील अग्रवाल आदि भक्तों ने भाग लिया।

## कारण ओझा पुत्र अशोक ओझा ने कमलेश शर्मा पर किया जान लेवा हमला।

**सैय्यद सिब्ते रज़ा लखनऊ**

**लखनऊ।** चारबाग निवासी करण ओझा उर्फ बब्बी ओझा ने अपने साथियों के साथ किया हमला। कमलेश शर्मा ने करण ओझा उर्फ बब्बी ओझा के खिलाफ पूर्व में दर्ज कराया था मुकदमा। करण ओझा उर्फ बब्बी ओझा मुकदमे में समझौते का बना रहा था दबाव, जिसको लेकर बब्बी ने किया हमला। सत्ता और वकीलों के पावर में चूर करण ओझा ने कमलेश शर्मा को किया मार कर अधमरा। कमलेश शर्मा को गाली गलौज करते हुए किया जान लेवा हमला। नाका थाना क्षेत्र के चारबाग हरदोई टैक्सी स्टैंड की है पूरी घटना। करण ओझा उर्फ बब्बी ओझा कमलेश शर्मा के साथ साथ किशन सोनकर को दे रहा था जाति सूचक गाली, जिसको लेकर हुआ था बाद विवाद। मौके पर नाका थाना की पुलिस फोर्स तैनात, शान्ति व्यवस्था कायम।

## सनातन जागरण मंच ने ज्ञानवर्धक प्रतियोगिता का कराया आयोजन




**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** मंगलवार को सनातन जागरण मंच हसनपुर द्वारा श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष में लाला पुरुषोत्तम शरण राम मूर्ति सरस्वती कन्या इंटर कॉलेज हसनपुर में, सनातन संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, छात्र-छात्राओं ने काफी परिश्रम के साथ इस प्रतियोगिता को पूर्ण किया और इस प्रतियोगिता से छात्र-छात्राओं में काफी उल्लास देखने को मिला प्रतियोगिता के बाद छात्र-छात्राओं को जलपान भी कराया गया, सनातन जागरण मंच द्वारा यह भी बताया गया कि आगे आने वाले समय में ऐसी प्रतियोगिताएं कराई जाती रहेगी ताकि सभी बच्चों को अपने सनातन धर्म के बारे में पूर्ण ज्ञान मिल सके, इस अवसर पर इस अवसर पर दिनेश कुमार अग्रवाल, अतुल शर्मा ,अंकित गुप्ता, ज्ञान प्रकाश शास्त्री रोहतास सिंह ,रमेश चंद्र गुप्ता, अनुपम त्यागी ,राहुल हिंदुस्तानी, संजीव गोयल,प्रधानाचार्य अंकिता शर्मा एवं स्कूल की कमेटी के लोग एवं इनर व्हील क्लब की सदस्य आदि सनातनी मौजूद रहे।

# बसडीला में भ्रष्टाचार अपने चरम पर, फर्जी हाजिरी से लग रहा सरकार को लाखों का चूना




**सल्टौवा, बस्ती।** सल्टौवा गोपालपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत बसडीला में चल रहे दो कार्य परियोजनाओं में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। इन परियोजनाओं में प्रतिदिन 134 मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाकर सरकार को लाखों रुपये का चूना लगाया जा रहा है। घनश्याम पांडे के चक से छनवतिया सरहद तक और राधेश्याम के चक्र से भट्ठा तक कृषि कार्य हेतु चकमार्ग निर्माण का कार्य चल रहा है। इन दो परियोजनाओं पर 134 मजदूरों का प्रतिदिन हाजिरी लगाया जा रहा है जिसके परिणाम स्वरुप प्रतिदिन 237 रुपए मजदूरी के हिसाब से 31758 रुपए खारिज हो रहे हैं। इन परियोजनाओं में प्रतिदिन 134 मजदूरों की हाजिरी लगाई जा रही है, जबकि मौके पर एक भी मजदूर कार्य करते हुए नहीं दिख रहें है। जिस स्थान से फोटो खींचकर अपलोड किया गया है, उस स्थान पर जा कर फोटो लेने पर कोई भी कार्य नहीं दिख रहा है। एक चक मार्ग को तो पटाई के नाम पर रोटावेटर से हल्का सा जुताया गया है, जिस पर घास-फूस साफ दिख रहा है। वहीं दूसरे चक मार्ग पर हाथ भी नहीं लगाया गया और लंबे-लंबे घांस-फूस उगे स्पष्ट दिख रहे हैं। इन दोनों परियोजनाओं पर प्रतिदिन 31,758 रुपये खर्च दिखाया जा रहा है। अब तक सरकार को कई लाख रुपये का चूना लगाया जा चुका है। भ्रष्टाचार के कारण असली मजदूरों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है और वे आर्थिक रूप से परेशान हैं। इस मामले से स्थानीय लोगों में काफी रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह के भ्रष्टाचार से विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और गरीबों का हक मारा जा रहा है। नाम ना लिखने के शर्त पर एक ग्रामीण ने यहां तक बताया कि मनरेगा के हर परियोजना में ग्राम प्रधान कर्मचारियों की मिलीभगत से फर्जी तरीके से मजदूरों के खाते में पैसा भेज कर निकलवा लेते हैं। इस प्रकरण में खंड विकास अधिकारी सल्टौवा अनिल यादव से हुई वार्ता में उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जिसकी जांच करवाकर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठना लाजिमी हैं। क्या विकासखंड और ग्राम पंचायत के अधिकारी इस भ्रष्टाचार से अनजान हैं या फिर जानबूझकर चुप्पी साधे हुए हैं? इस सवाल का जवाब प्रशासन को देना चाहिए। उक्त प्रकरण में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र मिश्रा ने कहा इस तरीके के भ्रष्टाचार अक्षम्य है, सरकार की छवि खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाएगी यदि संबंधित प्रकरण में कोई दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों की मांग है की इस मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही, सरकार को इस तरह के भ्रष्टाचार को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

## उत्कृष्ट कार्य करने के लिए संचालक मंडल और स्टाफ को सभापति द्वारा किया गया सम्मानित



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** मंगलवार को बहुद्देशीय सहकारी समिति लि भदौरा पर संचालक मंडल की बैठक आयोजित की गई, बैठक में उपस्थित सभापति कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि समिति संचालक मंडल एवं स्टाफ द्वारा संयुक्त रूप से किए गए प्रयासों से किसानों को उनकी जरूरत के हिसाब से गत वर्ष से अधिक ऋण उपलब्ध कराया गया है। साथ ही खेती के लिए ऊर्वरक भी गत वर्ष से अधिक उपलब्ध कराया गया है। ऋण वसूली का कार्य भी संतोष जनक है। समस्त संचालक मंडल और स्टाफ के बेहतर तालमेल और किए गए सराहनीय कार्यों के लिए सभी को शॉल उढाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक डायरेक्टर राहुल राणा जी को उनके जन्मदिन के अवसर पर शॉल उढाकर सम्मानित करते हुए शुभकामनाएं दीं। साथ ही समय समय पर समिति कार्यों में सहयोग करने के लिए धन्यवाद दिया, राहुल राणा जी ने आगे भी इसी प्रकार से समिति कार्यों में सहयोग करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर उपसभापति समरपाल सिंह, सभापति सहकारी संघ कुंदरखी भूड़ करन सिंह, शाहनवाज चौधरी, नासिर चौधरी, मनोज सिंह, गजे सिंह चौधरी, सेवेन्द्र पाल सिंह, राजवीर सिंह,सचिव सोनू कुमार, आंकिक अतिकुर्रहमान, कंप्यूटर सहायक टिंकू कुमार ,एवं रामसिंह को सम्मानित किया गया।

# महाकुम्भ में सिलेण्डर की जांच होगी अनिवार्य, अनधिकृत सिलेण्डरों की बिक्री पर सख्ती




**महाकुम्भ नगर, 21 जनवरी।** महाकुम्भ मेले के दौरान श्रद्धालुओं और कल्पवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा एल.पी.जी. सुरक्षा पर एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इसमें विभागीय अधिकारियों, एल.पी.जी. वितरकों, गैस कंपनियों के प्रतिनिधियों, और अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान एलपीजी के रिसाव से हो रही दुर्घटनाओ पर अंकुश लगाने के लिए महत्वपूर्ण दिशानिर्देश दिए गए।

**इन निर्देशों का करना होगा पालन**

1. सिलेण्डर की जांच अनिवार्यः एल.पी.जी. सिलेण्डरों की लिकेज जांच तकनीकी सहायकों द्वारा की जाएगी। लिकेज मिलने पर सिलेण्डर की आपूर्ति रोक दी जाएगी।
2. सुरक्षा उपकरणों का उपयोगः उपभोक्ताओं के गैस सिलेण्डर, पाइप और रेगुलेटर की जांच कर, मानक के अनुसार न होने पर उन्हें बदलने के निर्देश दिए गए।
3. आकस्मिकता से निपटने की तैयारीः मेला क्षेत्र में तकनीकी सहायकों की टीमों को तैनात किया गया है, जो किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई करेंगी।
4. गैस आपूर्ति का नियमनः मेला क्षेत्र में अधिकतम 100 किग्रा गैस तक ही भण्डारण की अनुमति होगी। हर आपूर्ति वाहन का पूरा विवरण कार्यालय में उपलब्ध कराया जाएगा।

घरेलू गैस के दुरुपयोग पर सख्ती

गोष्ठी में यह भी निर्णय लिया गया कि घरेलू गैस का दुरुपयोग या अनधिकृत सिलेण्डरों की बिक्री पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सुरक्षित महाकुम्भ की प्रतिबद्धता

खाद्य एवं रसद विभाग ने सभी एल.पी.जी. वितरकों और अधिकारियों को मेला क्षेत्र में गैस आपूर्ति की निगरानी और सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया। बैठक में यह तय किया गया कि नियमों के उल्लंघन पर संबंधित एजेंसियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होगी।

बैठक में प्रमोद शर्मा, सीएफओ कुम्भ एवं सुनील कुमार खाद्य एवं रसद अधिकारी मौजूद रहे।

## पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और डॉ. कुमार विश्वास ने संगम में लगाई डुबकी, गौतम अदानी ने की श्रद्धालुओं की सेवा



**महाकुम्भ नगर, 21 जनवरी।** महाकुम्भ 2025 के तहत संगम घाट पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास ने औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के साथ संगम के पवित्र जल में पुण्य की डुबकी लगाई। वहीं, देश के शीर्ष उद्योगपति गौतम अदानी ने श्रद्धालुओं के लिए चल रहे भंडारे में सेवा की और फिर बड़े हनुमान मंदिर में पूजन अर्चन किया।

रामनाथ कोविंद ने सपरिवार किया स्नान

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने अपनी पत्नी और पुत्री के साथ संगम की पवित्र त्रिवेणी में स्नान किया। इस दौरान मंत्री नंदी ने स्वयं उनका हाथ पकड़कर स्नान में सहयोग किया। स्नान के बाद मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने सपरिवार मां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती की पूजा-अर्चना की। उन्होंने महाकुम्भ की भव्यता और दिव्यता की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन भारत की आध्यात्मिक धरोहर और सांस्कृतिक समृद्धि का उत्कृष्ट उदाहरण है। पूर्व राष्ट्रपति ने 'वन नेशन, वन इलेक्शन' की अवधारणा को देश के आर्थिक विकास के लिए गेम चेंजर बताया। उन्होंने कहा कि इससे देश की जीडीपी और आर्थिक स्थिति में व्यापक सुधार होगा।

कुमार विश्वास बोले- सामाजिक समरसता का परिचायक है महाकुम्भ

डॉ. कुमार विश्वास ने मां गंगा का जयकारा लगाते हुए स्नान किया। उन्होंने गंगा के महात्म्य पर अपनी कविता से सबको मंत्रमुग्ध करते हुए कहा कि
"तपस्वी राम के चरणों चढ़ी उपहार तक आई,
हमारी मां हमारे लोक के स्वीकार तक आई।"

उन्होंने कहा कि महाकुम्भ का यह आयोजन 144 वर्षों के बाद आया दुर्लभ संयोग है, जो भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में प्रेरणा देगा। उन्होंने सभी से राजनीतिक भेदभाव भूलकर इस सर्वसमावेशी आयोजन में भाग लेने का आह्वान किया। डॉ. कुमार विश्वास ने कहा कि गंगा केवल एक नदी नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति का सार है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल धार्मिक, बल्कि सामाजिक समरसता का परिचायक है, जो पूरे विश्व को एक नई दिशा देगा।

## सनातन को उसके चरम उत्कर्ष पर ले जाने का कार्य करेंगे सीएम योगी आदित्यनाथ - चिदानंद सरस्वती



**21 जनवरी, महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ की समस्त दिव्यता झ भव्यता उसमें आने वाले संतों,महात्माओं और करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से संभव है।महाकुम्भ में आये परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश के अध्यक्ष और आध्यात्मिक गुरु चिदानंद सरस्वती जी का कहना है कि महाकुम्भ भारतीयता का महापर्व है, सनातन आस्था को मानने वालों का इससे बड़ा कोई महोत्सव नहीं है। महाकुम्भ कुछ का नहीं सबका महोत्सव है, जिस उत्साह और जोश में लोग महाकुम्भ में भाग लेने आ रहे हैं, संगम के सब तट आस्थावान लोगों से भरे हुए हैं। ऐसा नजारा पूरे विश्व में कहीं देखने को नहीं मिलता। ये सनातन के उत्कर्ष का महापर्व है और सनातन को उसके उच्चतम शिखर पर ले जाने का कार्य करेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**महाकुम्भ दे रहा सनातन एकता, सरसता का संदेश**

परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष चिदानंद सरस्वती जी का कहना है कि वो 1971 से महाकुम्भ में सम्मिलित होते रहे हैं। लेकिन जैसी दिव्य और भव्य व्यवस्था प्रयागराज के इस महाकुम्भ में है ऐसी पहले कभी नहीं देखी। महाकुम्भ के इस महाआयोजन के लिए उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ का ऐसा भव्य आयोजन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अथक प्रयासों से ही संभव हुआ है। उन्होंने बताया कि इस अद्भुत आयोजन को देख कर सभी लोग आह्लादित और उत्साहित हैं। देश ही नहीं विश्व के कोने-कोने से आये भक्त और पर्यटक महाकुम्भ की आभा, यहां की आध्यात्मिक ऊर्जा को देख कर यहां बार-बार आना चाह रहे हैं। महाकुम्भ से सनातन की एकता, सरसता का जो संदेश विश्व में जा रहा है अन्यत्र संभव नहीं है।

# पूरे मंत्रिमंडल के साथ त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाएंगे सीएम योगी



**महाकुम्भ नगर, 21 जनवरी।** प्रयागराज महाकुम्भ में बुधवार 22 जनवरी को योगी सरकार की कैबिनेट बैठक हो रही है। इस बैठक में योगी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। इस बैठक में प्रदेश को कई सौगात देने वाली योजनाओं और प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरे मंत्रिमंडल के साथ त्रिवेणी संगम की पावन धारा में डुबकी भी लगाएंगे। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2019 कुम्भ मेले में भी अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ संगम में डुबकी लगाई थी। तब मुख्यमंत्री के साथ अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि और अन्य साधु संतों ने भी संगम में स्नान किया था।

**12 बजे शुरू होगी बैठक**

महाकुम्भ में योगी सरकार की बैठक में शामिल होने के लिए यूपी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। यह बैठक अरैल के त्रिवेणी संकुल में दोपहर 12 बजे शुरू होगी। संगम में स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा न हो, इसके लिए अरैल में बैठक करने का फैसला लिया गया है। पहले ये बैठक मेला प्राधिकरण के सभागार में होनी थी, लेकिन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए बाद में बैठक का स्थान बदल दिया गया। क्योंकि अगर मेला प्राधिकरण के सभागार में मंत्रियों की बैठक की जाती है तो वीआईपी सुरक्षा के चलते श्रद्धालुओं को दिक्कत हो सकती थी।

**सभी मंत्री करेंगे विधिवत पूजन**

बैठक के बाद सभी मंत्री अरैल वीआईपी घाट से मोटर बोट के जरिए संगम जाएंगे। यहां सीएम योगी समेत सभी मंत्री विधिवत पूजन करेंगे। इसके बाद संगम तट पर बनी जेटी के जरिये त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाएंगे। जानकारी के मुताबिक सीएम योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्रदेव सिंह, बेबी रानी मौर्य, जयवीर सिंह, लक्ष्मी नारायण चौधरी, धर्मपाल, नंदगोपाल नंदी और अनिल राजभर सहित सभी 21 मंत्री और बाकी स्वतंत्र प्रभार वाले और राज्यमंत्री सहित कुल 54 मंत्री कैबिनेट बैठक में शामिल होने के बाद विधिवत संगम में स्नान करेंगे।

## जनता की समस्याओं पर तत्काल लें एक्शन : मुख्यमंत्री



**गोरखपुर, 21 जनवरी।** कड़ाके की ठंड के बावजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को जनता दर्शन में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान का भरोसा दिया। आश्वस्त किया कि किसी के साथ अन्याय नहीं दिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि हर पीड़ित की समस्या पर तत्काल एक्शन लें। इसमें हीलाहवाली अक्षम्य होगी।

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में करीब 100 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। प्रतिकूल मौसम को देखते हुए जनता दर्शन का आयोजन मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में किया गया। यहां कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक फरियादी से मिले।

## अच्छे स्वास्थ्य के लिए अपने भोजन में मोटे अनाज को अवश्य शामिल करें == शैली राजपूत




**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** मंगलवार को नगर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हसनपुर में स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम के मॉड्यूल 6, पोषण स्वास्थ्य और स्वच्छता के अंतर्गत सभी छात्राओ को मिलेट्स श्री अन्न की जानकारी दी गई । सभी छात्राओ को अपने भोजन में मोटे अनाज को शामिल करने के लिए कहा गया, मिलेट्स में पाए जाने वाले पोषक के बारे में छात्राओ को विस्तार से बताया गया, इस मौके पर कार्यक्रम प्रभारी शैली राजपूत ने बताया कि सभी छात्राओ को अपने अच्छे स्वास्थ्य के लिए भोजन में ज्वार ,बाजरा, रागी, कुटकी, कोदो, चेना, समा आदि को शामिल करना चाहिए, वही इस मौके पर राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य कुमकुम ने सभी छात्राओ को मोटे अनाज के सेवन पर जोर देते हुए कहा कि मोटा अनाज खाने से सेहत को लाभ मिलता है तथा हमें अपने दैनिक भोजन में मोटे अनाज को स्थान देना चाहिए, इस मौके पर विद्यालय की समस्त शिक्षिकाएं मौजूद रही ' उपस्थित रही।

## 2029 के लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का किया प्रावधान

# केंद्र व हरियाणा सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए कर रही काम : सीएम

- महिला प्रतिनिधियों के साथ प्री बजट पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री बोले, चरणबद्ध तरीके से महिलाओं के लिए सभी जिलों में खोले जाएंगे साझा बाजार



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पंचकूला में विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं के साथ आयोजित बजट पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता करते हुए।



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पंचकूला में विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं के साथ आयोजित बजट पूर्व परामर्श बैठक उपरांत समूह चित्र में।

चंडीगढ़, जनवरी : हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला में आयोजित पूर्व बजट परामर्श बैठक में महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने और उन्हें नेतृत्व के अवसर प्रदान करने के लिए 2029 के लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया है। हरियाणा सरकार का भी प्रयास है कि महिलाएं सशक्त और आत्मनिर्भर बनें। इस उद्देश्य को हासिल करने के लिए सरकार द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कदम उठाए गए।

गांवों में खुलेंगी महिला चौपाल

उन्होंने कहा कि बेटियों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में कोई समस्या न आए, इसके लिए वर्तमान सरकार ने रोडमैप तैयार किया है। जिसके तहत हर 20 किलोमीटर पर महिला कॉलेज स्थापित किया गया है। इसके अलावा छात्राओं को लेकर जाने के लिए पिंक बस सुविधा भी शुरू की गई है। महिलाओं के लिए भी प्रदेश के गांवों में महिला चौपाल खोलने की योजना है। कुछ गांवों में महिला चौपाल खोली जा चुकी है और अन्य गांवों में भी महिला चौपाल शीघ्र खोली जाएंगी।

**फरवरी में बजट अभिभाषण अवश्य सुनें महिलाएं :** मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने बताया कि राज्य बजट के लिए विभिन्न हितधारकों के सुझाव आमंत्रित करने के लिए 06 वर्ष पहले पूर्व बजट परामर्श कार्यक्रम शुरू किया गया था। तब से विभिन्न वर्गों से प्राप्त लगभग 400 सुझावों को बजट में शामिल किया गया है। खुल्लर ने प्री बजट परामर्श में सुझाव देने वाली महिलाओं से आग्रह किया कि जिस दिन मुख्यमंत्री वित मंत्री के रूप में फरवरी में बजट प्रस्तुत करेंगे। उस दिन वे उनका अभिभाषण अवश्य सुनें। उस दिन उन्हें अवश्य ही आज की बैठक के अनुभव ताजा होंगे। इस मौके पर यमुनानगर की महिला प्रगतिशील किसान गुरप्रीत कौर में मुख्यमंत्री को स्वयं तैयार किया गया हल्दी का अचार भेंट किया। मुख्यमंत्री ने गुरप्रीत कौर को 500 रुपये देकर प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री ने महिला प्रगतिशील किसान से हल्दी के अचार की सेल के बारे में भी जानकारी हासिल की। गुरप्रीत कौर ने बताया कि उन्होंने कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव और बिलासपुर में कपालमोचन मेले के दौरान अपना स्टॉल लगाया था। इस अवसर पर वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, कृषि विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजा शेखर वुंडरू, महिला एवं बाल विकास विभाग की आयुक्त एवं सचिव अमनीत पी कुमार, मुख्यमंत्री के ओएसडी राज नेहरू, मीडिया सचिव प्रवीन अत्रे सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और महिला प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### फरीदाबाद में उद्योगपतियों और पानीपत में टेक्सटाइल इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों के साथ भी करेंगे प्री बजट चर्चा

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समावेशी बजट की परिकल्पना को साकार करने के लिए सरकार द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों से सुझाव आमंत्रित किए जा रहे हैं ताकि प्राप्त बेहतरीन सुझावों को सरकार के बजट में शामिल किया जा सके। पहली बार सरकार ने एक व्यवस्था आरंभ की है, जिसमें प्रदेश का कोई भी व्यक्ति घर बैठकर भी ऑनलाइन माध्यम से बजट संबंधी सुझाव दे सकता है। इसके लिए एक समर्पित पोर्टल तैयार किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट पूर्व परामर्श में आज महिलाओं द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण सुझावों को आगामी बजट में समाहित किया जाएगा। अब तक प्रदेशभर में विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बजट पूर्व परामर्श में हजारों सुझाव प्राप्त हुए है। शीघ्र ही वे फरीदाबाद में उद्योगपतियों और पानीपत में टेक्सटाइल इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों के साथ भी प्री बजट चर्चा कर सुझाव लेंगे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री गुरुग्राम व हिसार में विभिन्न हितधारकों के साथ बजट पूर्व चर्चा कर चुके हैं।

### यमुनानगर और फतेहाबाद में भी शीघ्र खुलेंगे साझा बाजार

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, खेती, उद्यमिता, स्वयं सहायता समूह, खेलों सहित सभी क्षेत्रों में न केवल अग्रणी भूमिका निभा रही है बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत बन रही है। सरकार भी महिलाओं को पूर्ण सहयोग व सहायता दे रही है। चाहे ड्रोन दीदी योजना शुरू करने की बात हो या साझा बाजार खोलने की। पिछले वर्ष सुझाव आया था कि कामकाजी महिलाओं के लिए ऐसे बाजार की आवश्यकता है, जहां वे अपने उत्पाद बेचकर आमदनी कमा सके और आत्मनिर्भर भी बन सके। महिलाओं के हित में निर्णय लेते हुए सरकार में वर्ष 2024-25 के बजट में साझा बाजार नाम से योजना की घोषणा की थी। इस योजना के तहत एक साझा बाजार करनाल में शुरू हो चुका है। यमुनानगर और फतेहाबाद में भी साझा बाजार शीघ्र ही शुरू होने वाले है। इसी प्रकार प्रदेश की मंडियों में अटल कैंटीन खोली गई है, जिन्हे हमारी बहन-बेटियां सफलतापूर्वक संचालित कर रही है।

## 14 करोड़ से बनेगा हॉकी का एस्ट्रो ट्रफ



बच्चों को संबोधित करते मुख्यमंत्री नायब सैनी।

नारायणगढ़, जनवरी : हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अम्बाला जिला के गांव बड़ागढ़ में आयोजित हरियाणा कबड्डी खेल महाकुम्भ कार्यक्रम में शिरकत करते की, जहां उन्होंने आज घोषणा करते हुए खेल स्टेडियम बड़ागढ में 14 करोड़ रुपए की लागत से हॉकी का एस्ट्रो ट्रफ बनाया जाएगा तथा खेल के मैदान में फ्लड लाइटें लगाई जाएंगी। इसके अलावा गांव लाहा तथा गांव बिचपड़ी में स्थित खेल स्टेडियमों के नवीनीकरण के लिए 5 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने हरियाणा कबड्डी महाकुंभ में पुरुष एवं महिला वर्ग में प्रथमए द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही विजेता टीमों को पुरस्कृत भी किया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि कबड्डी केवल ताकत का खेल नहींए बल्कि दिमाग का खेल भी है। खिलाड़ियों के दमखम पर भारत आज ओलम्पिक व अन्य अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में बड़ी शक्ति के रूप में उभर रहा है। इसमे हरियाणा के खिलाड़ियों का सर्वाधिक योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हरियाणा के ऐसे 11 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को रार्ष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित भी किया गया है। इनमें से एक खिलाड़ी को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवार्डए 10 खिलाड़ियों को अर्जुन अवार्ड तथा 1 कोच को द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा कबड्डीए कुश्ती और मुक्केबाजी जैसे परम्परागत खेलों का गढ़ रहा है। विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में प्रदेश के खिलाड़ियों ने पदक जीत कर न केवल हरियाणा काए बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है।

अब तो हरियाणा खेलों के दम पर बॉलीवुड की भी पसंद बन गया है। दंगल और सुलतान जैसी फिल्में हरियाणा के पुरुष और महिला खिलाड़ियों का गौरव गान करती हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने सदा ही खेल के क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। पेरिस ओलंपिक 2024 में देश द्वारा जीते गये 6 पदकों में से 5 पदक हरियाणा के खिलाड़ियों ने जीते। इससे पहलेए टोक्यो ओलंपिक 2020 में हरियाणा के 30 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें भारत द्वारा जीते गए 7 पदकों में से 4 पदक हरियाणा के खिलाड़ियों ने हासिल किए। यही नहींए एशियाई खेलों में भी प्रदेश का प्रदर्शन बड़ा ही सराहनीय रहा है। एशियाई खेल.2022 मेंए राज्य के 82 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें देश के 111 पदकों में से 28 पदक हरियाणा के खिलाड़ियों ने जीते। इसी प्रकारए रार्ष्ट्रमंडल खेलों में भी हरियाणा के खिलाड़ियों का दबदबा रहा।

# मुख्यमंत्री ने 43.28 करोड़ की 10 विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन







नारायणगढ़ अनाजमंडी में जनसभा को सम्बोधित करते मुख्यमंत्री नायब सैनी तथा (दाएं) विकास योजनाओ का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री नायब सैनी।

नारायणगढ़, जनवरी : हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा और खेल के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए एक बागवानी कॉलेज की स्थापना और स्थानीय स्टेडियम में हॉकी एस्ट्रोटर्फ लगाने की घोषणा की। यह बागवानी कालेज महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालयए करनाल से संबद्ध होगा जिससे इस क्षेत्र के युवाओं को बागवानी के क्षेत्र में विश्व स्तरीय शिक्षा और शोध के अवसर मिलेंगे। उन्होंने बड़ागढ़ स्टेडियम में हॉकी एस्ट्रोटर्फ लगाने की घोषणा करते हुए कहा कि स्टेडियम में हॉकी खिलाडियों के लिए हाई.मास्ट लाइटें भी लगाई जाएंगी ताकि सांयकाल के बाद भी हमारे खिलाड़ी अभ्यास जारी रख सकें। इससे पहले मुख्यमंत्री ने मंच पर पहुंचकर धरती को नमन किया और हलका वासियों का हाथ जोड़कर अभिन्नदन किया। इसके अलावाए मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा नारायण तालाब की भौतिक रिपोर्ट जांच कर इसे हरियाणा तालाब प्राधिकरण को देकर तालाब का जीर्णोद्धार और पुनरुद्धार सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने पतरहेड़ी से शहजादपुर.नारायणगढ़ तक सड़क को चार लेन का बनाने की भी घोषणा की। स्थानीय बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए मुख्यमंत्री ने नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी सडकों की मरम्मत और जीर्णोद्धार के लिए 10 करोड़ रुपए देने की भी घोषणा की। साथ हीए मार्केटिंग बोर्ड के तहत सडकों की मरम्मत के लिए अतिरिक्त 5 करोड़ रुपए की घोषणा की। इसके अलावाए उन्होंने नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांवों के विकास के लिए 5 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि देने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि लगभग 45 गांवों में सामुदायिक केंद्रों का निर्माण पहले ही किया जा चुका है और आश्वासन दिया कि शेष गांवों में भी धीरे-धीरे इसी प्रकार सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इस अवसर पर विधायक शैली चौधरी पूर्व मंत्री असीम गोयल पूर्व विधायक डा. पवन सैनी पूर्व विधायक संतोष सारवान, पूर्व विधायक राजबीर बराड़ा, पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भौरियाए अतिरिक्त उपायुक्त डा. ब्रहजीत, एसडीएम नारायणगढ़ शाश्वत सांगवान, जगपाल सैनी, नम्बरदार सुरेश पाल, पूर्व चेयरमेन सुरेन्द्र राणाए जिला महामंत्री विवेक गुप्ता, कर्म सिंह गोल्डी,युवा मोर्चा के जिला प्रधान संदीप सैनी अम्बली, जगदीप कौर, नगरपालिका उपप्रधान आईना गुप्ता के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोग व भाजपा पार्टी के पदाधिकारीगणए कार्यकत्र्ता तथा अधिकारी मौजूद रहें।

### किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए जल्द स्थापित होगी सहकारी चीनी मिल

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार नारायणगढ़ में सहकारी चीनी मिल स्थापित करने की घोषणा पहले ही कर चुकी है। किसानों की समस्याओं के मद्देनजर राज्य सरकार इस मामले पर सक्रियता से चर्चा कर रही है और मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति गठित की है। मुख्य सचिव इस मामले पर व्यक्तिगत रूप से गंभीरता से नजर रख रहे हैं और इस सम्बन्ध में तीन बैठकें आयोजित हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि या तो इसी वर्तमान मिल को सहकारी चीनी मिल के रूप में स्थापित किया जाएगा या फिर दूसरी सहकारी मिल स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि नारायणगढ़ और आसपास के क्षेत्रों के किसानों को आगे किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़ेए इसके लिए इस निर्णय को जल्द ही लागू किया जाएगा।

### इन परियोजनाओं का किया शिलान्यास

नायब सिंह सैनी ने नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 10 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया, जिनकी कुल लागत 43.28 करोड़ रुपए है। इनमें 22.23 करोड़ रुपए की 7 परियोजनाओं का उद्घाटन तथा 21.05 करोड़ रुपए की 3 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। उद्घाटन की गई परियोजनाओं में कई नई संपर्क सडकों के निर्माण के साथ.साथ मौजूदा सडकों का चौड़ाकरण व नवीनीकरण शामिल है। इसके अलावा, महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालयए करनाल के अंतर्गत चांदसोली में क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान केंद्र का भी उद्घाटन किया गया। मुख्यमंत्री ने नए बस स्टैंड के निर्माण, वर्कशॉप के नवीनीकरण, नारायणगढ़ की नई कॉलोनियों में पेयजल पाइपलाइन बिछाने तथा पेयजल वितरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण कार्यों की आधारशिला भी रखी।

### 100-100 गज के प्लॉट का कब्जा कागजात दिए जाएंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले चरण में वे जल्द ही एक लाख पात्र लाभार्थियों को 100-100 वर्ग गज के प्लॉट का कब्जा कागजात सौंपेंगे। इसके अलावा, प्रधानमंत्री आवास योजना.ग्रामीण के तहत सरकार इस वर्ष के भीतर लगभग 77000 पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे धनराशि हस्तांतरित करेगी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे बचे हुए पात्र लोगों की पहचान करने के लिए सर्वेक्षण करें ताकि सभी पात्र परिवारों को योजना के तहत उनके घर मिलना सुनिश्चित किया जा सके।

### हरियाणा में सर्वाधिक 24 फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य हो रही

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते कहा कि राज्य में अब सभी 24 फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य ;एमएसपीद्ध पर की जा रही है। उन्होंने कहा कि अब तक फसल खरीद के लिए 12 लाख किसानों के बैंक खातों में 125000 करोड़ रुपए हस्तांतरित किए जा चुके हैं। खरीफ सीजन के दौरान अपर्याप्त वर्षा के कारण किसानों को होने वाली कठिनाइयों को देखते हुए, राज्य सरकार ने 2000 रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से लगभग 1000 करोड़ रुपए की राशि बोनस के रूप में किसानों को दी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पूर्व विधायक डा. पवन सैनी ने पगडी व शॉल तथा भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा व जिला महामंत्री विवेक गुप्ता व कर्म सिंह गोल्डी ने तलवार भेंटकर उनका यहां पहुंचने पर भव्य अभिन्नदन भी किया। इसके अलावा भाजपा के अन्य पदाधिकारियों ने मंडल प्रधान रणधीर सिंह सैनी व गुरनाम सिंह ने भी पुष्पगुच्छ देकर व शॉल भेंटकर उनका स्वागत भी किया।

### आरजी कर मामला : दोषी...

बनने की सजा) और 103 (1) (हत्या) के तहत दोषी ठहराया गया था।

न्यायाधीश ने कहा, सीबीआई ने मृत्युदंड देने का अनुरोध किया। बचाव पक्ष के वकील ने गुहार लगाई है कि मृत्युदंड के बजाय कारावास की सजा दी जाए...यह अपराध दुर्लभतम श्रेणी में नहीं आता है। न्यायाधीश ने कहा कि धारा 64 के तहत उम्र कैद की सजा सुनाई जा रही है और 50,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया जा रहा है। न्यायाधीश ने कहा कि जुर्माना अदा न करने पर 5 महीने अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। न्यायाधीश ने फैसले में कहा कि इसके अतिरिक्त धारा 66 के तहत भी उसे उम्र कैद की सजा दी जाती है। उन्होंने कहा कि सभी सजाएं एक साथ चलेंगी।

न्यायाधीश दास ने कहा, 'चूंकि पीड़िता की मौत उसके कार्यस्थल अस्पताल में ड्यूटी के दौरान हुई, इसलिए राज्य की यह जिम्मेदारी है कि वह चिकित्सक के परिवार को मुआवजा दे। मृत्यु के लिए 10 लाख रुपए और दुष्कर्म के लिए 7 लाख रुपए मुआवजा देने का निर्देश दिया जाता है।' न्यायाधीश ने रॉय को सूचित किया कि उसे इस निर्णय के खिलाफ कलकत्ता हाईकोर्ट में अपील करने का अधिकार है और जरूरत पड़ने पर उसे कानूनी सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। न्यायाधीश ने यह सजा दोषी के अंतिम बयान, बचाव पक्ष, पीड़िता के परिवार के वकील और सीबीआई की दलीलों को सुनने के बाद सुनाई।

### कोलकाता पुलिस ने...

मृत्युदंड की मांग की थी, लेकिन अदालत ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। मामला हमसे जबरन ले लिया गया। अगर यह (कोलकाता) पुलिस के पास ही रहा होता, तो हम सुनिश्चित करते कि उसे मौत की सजा मिले।'

### मृतका के पिता ने कहा...

के आदेश पर मृतका के पिता ने कहा कि उन्हें कोई मुआवजा नहीं चाहिए। पिता ने संकल्प लिया कि जब तक अन्य सभी दोषियों को सजा नहीं मिल जाती, तब तक वे अपनी लड़ाई जारी रखेंगे।

### यासीन मलिक मुकद्दमा...

और 1990 के श्रीनगर गोलीबारी मामलों की सुनवाई जम्मू से दिल्ली स्थानांतरित करने की मांग की गई थी ताकि मलिक को वहां की विशेष अदालत में ले जाने की जरूरत न पड़े।

शीर्ष अदालत ने पिछले साल 18 दिसंबर को छह आरोपियों को मामलों की सुनवाई स्थानांतरित करने की सीबीआई की याचिका पर जवाब देने के लिए दो सप्ताह का समय दिया था। मई 2023 में एक विशेष एनआईए अदालत द्वारा आतंकी वित्तपोषण मामले में सजा सुनाए जाने के बाद से मलिक तिहाड़ जेल में बंद है।

### किसानों ने आज का...

न्यौता मिलने के बाद एसकेएम ने कहा कि सभी किसान घेराव करने के बजाय ई-मेल के जरिए सांसदों को मांगों का ज्ञापन भेजें। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी को देशभर में बड़े स्तर पर ट्रैक्टर मार्च निकाले जाएंगे व शंभू और खनौरी बॉर्डर पर भी ट्रैक्टरों का मार्च निकालकर सरकार को हमारी मांगें जल्द मानने के लिए किसानों द्वारा बड़े स्तर पर एकत्रित होने पर बड़ा मैसेज दिया जाएगा।

### सुप्रीम कोर्ट से राहुल गांधी...

झारखंड सरकार और भाजपा नेता को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा है। गांधी ने झारखंड हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी है। हाईकोर्ट ने निचली कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ जारी कार्यवाही को रद्द करने का अनुरोध करने वाली उनकी याचिका खारिज कर दी थी।

### 'हाथ' और 'आप' भारत...

आप को अराजकता, अलगाववाद, आतंकवाद, अफवाहें फैलाने और अपराधियों को शरण देने के लिए जाना जाता है। ऐसी क्या मजबूरी है कि आम आदमी पार्टी के लिए इन देशद्रोही ताकतों से हाथ मिलाना जरूरी है?

उन्होंने कहा कि अराजकता और सनसनी फैलाने में माहिर अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को यह बताना होगा कि कौन सा एनजीओ उनके सहयोगी एवं सूत्रधार हैं और उनके तार कहां-कहां जुड़े हैं? राहुल गांधी और सोनिया गांधी इस बात का जवाब दें कि जब लोकसभा चुनाव-2024 में दिल्ली में हुए थे तो आपने आम आदमी पार्टी को वोट दिया था या नोटा का बटन दबाया था? अरविंद केजरीवाल भी बताएं कि उन्होंने चांदनी चौक में कांग्रेस को वोट दिया था या नोटा का बटन दबाया था? ठाकुर ने कहा कि डबल डेटिंग करने वाले राहुल गांधी और अरविंद केजरिवाल, यह 'हाथ' और 'आप' भारत विरोधियों के साथ है।

### सड़क सुरक्षा पर कानून...

अधिकारियों को तेज गति से चलने वाले वाहनों की इलैक्ट्रॉनिक निगरानी करने की अनुमति देता है।

पीठ ने अब शेष 23 राज्यों और 7 केंद्र शासित प्रदेशों को अपनी अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। यह रिपोर्ट सड़क सुरक्षा पर सुप्रीम कोर्ट की समिति के साथ साझा की जाएगी। पीठ ने कहा कि शीर्ष कोर्ट की समिति सभी पहलुओं पर गौर करेगी और अपनी राय मुहैया कराएगी, जिस पर केंद्र द्वारा इलैक्ट्रॉनिक निगरानी और सड़क सुरक्षा उपायों के प्रवर्तन पर मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने में विचार किया जा सकता है। पीठ ने कहा कि वह 25 मार्च को इस पहलू पर विचार करेगी। इस बीच सड़क सुरक्षा पर उसकी समिति रिपोर्ट पर विचार-विमर्श करते समय 6 राज्यों से सहायता मांग सकती है।

मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में 2021 में धारा 136ए जोड़ी गई थी जिसका उद्देश्य बेहतर यातायात प्रबंधन और यातायात कानूनों के प्रवर्तन को सुनिश्चित करने के लिए स्पीड कैमरा, सीसीटीवी कैमरा, स्पीड गन, बॉडी-वॉर्न कैमरा और स्वचालित नंबर प्लेट पहचान प्रणाली जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग करना है। शीर्ष कोर्ट 2012 में सड़क सुरक्षा पर दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही है।

### सैफ पर हमला : टीवी पर...

बड़ी सफलता मिली, जब पुलिस ने वर्ली में सैंचुरी मिल के पास एक फूड स्टॉल पर संदिग्ध द्वारा किए गए डिजीटल भुगतान को ट्रैक किया, जहां उसने बुर्जी पाव (ब्रैड के साथ तले हुए अंडे) और एक बोतल पानी का ऑर्डर किया था। अधिकारियों ने बताया कि इस डिजीटल रिकार्ड से पुलिस को ठाणे में उसके ठिकाने का पता लगाने में मदद मिली और इलाके में तथा उसके आसपास तलाश दल तैनात किए गए। आखिरकार, आरोपी को ठाणे के हीरानंदानी एस्टेट में एक श्रमिक शिविर के पास घने मैंग्रोव क्षेत्र में जमीन पर लेटा हुआ पाया गया।

अधिकारियों ने बताया कि पूछताछ के दौरान शहजाद ने बताया कि वह समाचार चैनलों और सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीर देखकर घबरा गया था। उसने दावा किया कि वह बांग्लादेश भागने की योजना बना रहा था। अधिकारियों ने बताया कि अपराध स्थल पर 'डक्ट' और शौचालय की खिड़की से एकत्र किए गए उंगलियों के निशान का मिलान आरोपी की उंगलियों के निशान से किया जाएगा।

### आईआईटी से पढ़ाई...

नौकरी छोड़कर वह संन्यासी बने।

यह पूछने पर कि उनके गुरु कौन हैं, उन्होंने कहा, मैं जो भी मिले, उससे सीख लेता हूं। अखाड़े में भी भगवान शिव ही बताते थे ध्यान कैसे करो। माता-पिता ने पढ़ाने-लिखाने पर पैसे खर्च किए, लेकिन प्यार कहां था। अखाड़ों को लेकर उन्होंने कहा, मेरी योजना वहां 4-5 दिन रुकने की थी, और मैं अखाड़ों के काम देखने आया था। लेकिन प्रसिद्धि मिलने के बाद सारी चीजें गड़बड़ हो गईं। उन पर एक रील में अपने पिता और गुरु के खिलाफ अपशब्द का इस्तेमाल करने का आरोप है। इसके बाद ही संतों में उनके खिलाफ आक्रोश पैदा हुआ और शनिवार की रात उन्हें अखाड़ा के शिविर से बाहर कर दिया गया।

## प्रिंसीपल इंद्रजीत कौर बनी लुधियाना की पहली महिला मेयर

लुधियाना, जनवरी : करीब पौने 2 साल के इंतजार के बाद लुधियाना शहर के निवासियों को नया मेयर मिल ही गया। विधानसभा हलका पूर्वी से पार्षद प्रिंसीपल इंद्रजीत कौर को सोमवार सुबह स्थानीय गुरु नानक देव भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के दौरान मेयर चुना गया। इसके अलावा विधानसभा हलका नॉर्थ से चुनाव जीते आप के राकेश पराशर को सीनियर डिप्टी मेयर तथा हलका आत्म नगर से प्रिंस जौहर को डिप्टी मेयर चुना गया। प्रिंसीपल इंद्रजीत कौर नगर निगम लुधियाना के इतिहास में पहली महिला मेयर है। खास बात यह है कि वह अब तक की सबसे युवा मेयर भी है।

मेयर का चयन होने पर सबसे पहले मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सुबह 11 बजे अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर यह सूचना सार्वजनिक की। मुख्यमंत्री मान तथा आप के पंजाब प्रधान अमन अरोड़ा ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा आम आदमी पार्टी के नेतृत्व में लुधियाना नगर निगम प्रशासन पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ काम करेगा और लुधियाना के विकास के लिए नए आयाम स्थापित करेगा।

आप प्रधान अमन अरोड़ा ने गुरु नानक देव भवन में पत्रकार सम्मेलन में कहा कि आज लुधियाना में एक नया अध्याय शुरू हुआ है। आम आदमी पार्टी ने लुधियाना को पहली बार महिला मेयर दी है। वहीं, 6 बार पार्षद बने राकेश पराशर के रूप में शहर को अनुभवी सीनियर डिप्टी मेयर मिला है। उन्होंने कहा कि पंजाब भर में लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद आम आदमी पार्टी ने 35 से अधिक नगर निगमों-नगर कौंसिल/ पंचायतों मेयर व प्रधान बनाए हैं। यह आम आदमी पार्टी के लिए गर्व की बात है और पंजाब के लिए एक नई शुरु आत भी है।

## 'अनब्रेकेबल' को अब तक 37 लाख से ज्यादा लोगों ने देखा

नई दिल्ली, जनवरी : आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर बनी डॉक्यूमैंट्री फिल्म के रिलीज पर दिल्ली पुलिस ने रोक लगा दी थी। जिसको लेकर आम आदमी पार्टी के नेताओं ने विरोध प्रदर्शन भी किया था। रोक के बावजूद इसका ट्रेलर रिलीज किया गया था और अब इस फिल्म को यूट्यूब पर अपलोड कर दिया गया है। अपलोड किए जाने के महज 12 घंटे बाद ही इस फिल्म को 37 लाख से ज्यादा लोग अब तक देख चुके हैं। 'आप' ने आरोप लगाया कि भाजपा के कहने पर दिल्ली पुलिस ने अरविंद केजरीवाल के ऊपर बनी डॉक्यूमैंट्री की स्क्रीनिंग पर रोक लगा दी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**कोंच।** कार की टक्कर लगने से बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरोदा खुर्द निवासी रामसिंह अपनी पत्नी लीलावती को सोमवार की शाम बाइक पर बैठाकर ग्राम भदेवरा रिश्तेदारी से होकर वापस घर जा रहा था। तभी नदीगाँव रोड पर स्थित ग्रीन गार्डन के पास मुख्य मार्ग पर एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के खंबे से जा टकराई और फिर बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से रामसिंह और लीलावती सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को नजदीक ही स्थित एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। रामसिंह के सिर और जबड़े में चोट आयी हैं। जानकारी में आया कि एक मिस्त्री कार की सर्विस करने के बाद टेस्टिंग के लिए कार को पंचानन चौराहे ले जा रहा था तभी कार के ब्रेक फेल हो गए।

### आईटीआई छात्रा ने लगाया आरोप शिक्षक ने फोन पर भेजे अश्लील मैसेज

**कोंच।** पिंडारी रोड पर स्थित आईटीआई कालेज से पासआउट एक छात्रा ने महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 पर शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि कुछ दिन पहले कालेज में आउट सोर्सिंग पर नियुक्त कम्प्यूटर शिक्षक ने उसके मोबाइल फोन पर अश्लील मैसेज किए। छात्रा ने बताया कि पिछले शनिवार को वह परिजनों के साथ कालेज गयी थी लेकिन शिक्षक सामने नहीं आया। सोमवार को भी शिक्षक सामने नहीं आया। 1090 पर शिकायत दर्ज कराने के बाद कोतवाली पुलिस को पूरे मामले की जानकारी हुई और कालेज जाकर पुलिस उस शिक्षक को कोतवाली ले आयी जहाँ उससे पूँछतांछ की जा रही है।मामला सामने आते ही कालेज में छात्र छात्राओं की भीड़ इकट्ठी हो गयी थी।प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय का कहना है कि पासआउट छात्रा द्वारा लिखित रूप से शिकायती पत्र नहीं दिया गया है, शिकायती पत्र यदि दिया जाता है तो जांच कर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### महिला से की छेड़छाड़ पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

**कोंच।** कोतवाली पुलिस ने महिला के साथ छेड़छाड़ के करने बाले आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के एक गाँव निवासी पीड़ति दलित महिला ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 16 जनवरी की शाम वह खेत से चारे की गठरी सिर पर रखकर वापस घर की ओर आ रही थी।तभी रास्ते में गाँव का ही कृष्णकांत उर्फ गोलू पुत्र राधागोविंद उर्फ लालू ने बुरी नियत से उसे पकड़ लिया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। शोरगुल सुनकर उसका देवर मौके पर आ गया तो उक्त युवक जातिसूचक गाली देकर जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया। घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ धारा 74, 351(2), 352, 3(2)(वीए) में मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ की।

### पॉक्सो एक्ट मे वांछित चल रहे 2 को पुलिस ने दबोचा

**कोंच।** पॉक्सो एक्ट के 2 वांछित आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।जानकारी के अनुसार बीते वर्ष 2024 में एक मामले में कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अंडा निवासी गोपीकिशन कुशवाहा और एक दूसरे मामले में आकाश गोस्वामी निवासी ग्राम सौजना थाना पंडोंखर जिला दतिया मप्र के खिलाफ धारा 323, 363, 366, 376(2), 5एल/6 पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया गया था।तभी से उक्त दोनों लगातार फ़रार चल रहे थे। गोपीकिशन को सुरई चौकी प्रभारी संदीप दीक्षित ने शनिवार की सुबह एट तिराहे से गिरफ्तार कर लिया जबकि आकाश को सागर चौकी प्रभारी अविनीश पटेल ने बीती रात मुंसिफी के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों वांछित आरोपियों को जेल भेज दिया।

### महान व्यक्तियों की प्रतिमाओं की रंगाई पुताई कराए जाने की मांग

**जालौन-उरई।** नगर में बनी महान व्यक्तियों की प्रतिमाओं की रंगाई पुताई कराए जाने की मांग समाजसेवियों ने नगर पालिका अधिकारी से की है। नगर के विपुल दीक्षित, वैभव अग्रवाल, अफजाल, प्रतीकांत, अक्षत, जाकिर आदि ने नगर पालिका ईओ से मांग की है कि नगर में बस स्टैंड स्थित गांधी स्मारक पर लगी गांधीजी मूर्ति, चौकी स्थित पार्क में लगी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद एवं लक्ष्मीबाई पार्क में लगी रानी लक्ष्मीबाई की मूर्तियों सहित नगर में अन्य जगहों पर भी महान व्यक्तियों की मूर्तियां लगी हुई है। समाजसेवियों का कहना है कि कुछ दिन बाद गणतंत्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व आ रहा है। ऐसे में मूर्तियों की उपेक्षा नहीं की जानी चाहिए। समय के साथ इस मूर्तियों की सुंदरता प्रभावित होती है। ऐसे में आवश्यक है कि इन महापुरूषों को उचित सम्मान देते हुए गणतंत्र दिवस के पर्व से पूर्व इन मूर्तियों की रंगाई पुताई करा दी जाए। ताकि लोगों में अच्छा संदेश जाए और इन मूर्तियों को भी उचित सम्मान मिल सके।

# 33 केवी के लगभग एक किमी दूरी के बिजली के तार काट ले गए चोर



■ जालौन-उरई

रविवार की रात अज्ञात चोर उदोतपुरा खकसीस 33 केवी बिजली के लगभग एक किमी दूरी के बिजली का तार काट ले गए। हाईटेंशन लाइन का तार चोरी होने के आसपास के गांवों की बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई है। बिजली के तार चोरी होने की सूचना जेई व एसडीओ ने पुलिस को दी है।

कोंच मार्ग पर उदोतपुरा बिजलीघर से खकसीस के लिए 33 केवी की लाइन निकली हुई है। रविवार की रात को अज्ञात चोरों ने ग्राम तामां व सुढ़ार के बीच में लगभग एक किमी दूरी की ट्रिपल लाइन (कुल लगभग तीन किमी) 33 केवी की लाइन के तार काट लिए। खेतों से निकली हाईटेंशन लाइन के तार कटने की सूचना मिलने पर जेई रमाकांत वर्मा, एसडीओ राम सुधार ने मौके पर पहुंच कर चोरी की घटना की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान पता चला कि लगभग 960 मीटर दूरी के लाइन के तीनों तार चोरी हो गए हैं। तारों को निकालने के चक्कर में बिजली के 11 पोल इंसुलेटर क्षतिग्रस्त हो गए। तामां से सुढ़ार के बीच रामकुमार पचौरी तामां, रामू सुढ़ार व एक अन्य खेत के बीच बिजली के तार चोरी होने से बिजली विभाग की पेट्रोलिंग टीम व मलकपुरा छिरिया सलेमपुर पुलिस चौकी की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुल गई है। चोरों ने ट्रैक्टर की मदद से लगभग एक किमी बिजली की लाइन चोरी कर ली और खेतों में खड़ी फसल को नुकसान पहुंचा दिया। इसके बाद भी बिजली विभाग व पुलिस विभाग को भनक तक नहीं लगी। बिजली के तार चोरी होने व पोल क्षतिग्रस्त होने के कारण आसपास के गांवों की बिजली आपूर्ति रविवार की रात करीब दो बजे से पूरी तरह ठप्प है, जिससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। एसडीओ राम सुधार ने बताया कि 33 केवी के बिजली तार चोरी व 11 पोल व इंन्सुलेटर क्षतिग्रस्त होने की शिकायत छिरिया मलकपुरा चौकी पर की गई है।

# बड़े भाई ने छोटे भाई को कुल्हाड़ी मारकर किया घायल



■ कोंच

क्षेत्र के ग्राम चांदनी में बड़े भाई ने छोटे भाई पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चाँदनी निवासी सगे भाई मिस्टर पटेल और श्रीकांत उर्फ लालू पटेल पुत्रगण रामदास के बीच कूड़ा डालने को लेकर विवाद चल रहा है। सोमवार की शाम दोनों में गाली गलौज के साथ विवाद होने लगा।गुस्से में आकर बड़े भाई श्रीकांत ने अपनी पत्नी छाया और बेटे किशना के साथ मिलकर छोटे भाई मिस्टर के सिर में कुल्हाड़ी से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। चीख पुकार सुनकर घर के अंदर से निकली मिस्टर की पत्नी रानी ने अपने पति को बचाने की कोशिश की तो उसके साथ भी लाठी डंडों से मारपीट कर उसे घायल कर दिया। घायल अवस्था में मिस्टर और रानी कोतवाली पहुंचे जहाँ से उन्हें उपचार के लिए पुलिस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। गंभीर हालत देख चिकित्सकों ने मिस्टर को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल मिस्टर के पुत्र अनुराग ने कोतवाली पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। वही प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय का कहना है कि घटना की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

### एएसपी ने पैदल भ्रमण कर लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा



**उरई।** अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा शान्ति/कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु कोतवाली जालौन पुलिस बल के साथ कस्बा जालौन में पैदल गस्त कर सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा आमजनमानस से वार्ता कर कराया सुरक्षा का अहसास ।

# लाइसेंसी रिवाल्वर से कनपटी पर मारी गोली



■ कोंच

कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला जवाहर नगर में एक व्यक्ति ने लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मारकर खुदकुशी कर ली।जानकारी के अनुसार मुहल्ला जवाहर नगर में रहने वाले आकाश पहारिया उम्र 40 वर्ष पुत्र अवधेश ने रविवार की रात घर के कमरे में लाइसेंसी रिवाल्वर से कनपटी पर गोली मारकर खुदकुशी कर ली। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी आनंद कुमार पचौरी, प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर आकर सबूत इकट्ठा किए।बताया गया मृतक की ससुराल मालवीय नगर कोंच में है। उसके एक पुत्र और एक पुत्री है।जानकारी मिली कि कुछ समय से उसका पत्नी आयुषी से बोलचाल नही हो रहा था। आयुषी अपने मायके में रह रही थी और दोनों बच्चे यहां थे। रविवार को आयुषी बच्चों को अपने साथ मायके ले आयी थी और इसके बाद शाम में पति पत्नी के बीच मोबाइल पर कुछ विवाद हुआ जिसके बाद आकाश ने आत्महत्या कर ली। जिला स्तरीय समाधान दिवस पर कोंच आए एसपी डॉ दुर्गेश कुमार ने भी मृतक आकाश के घर पहुंचकर घटनास्थल की बारीकी से जांच पड़ताल की।

# एट टोल प्लाजा पर वाहन चालकों हेतु निःशुल्क हेल्थ चेकअप एवं आँखों की जाँच शिविर आयोजित



■ उरई

''राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह'' के अन्तर्गत आज सुल्तान खान, मुख्य परियोजना प्रबन्धक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के सौजन्य से एट टोल प्लाजा पर वाहन चालकों हेतु निशुल्क हेल्थ चेकअप एवम् आँखों की जाँच हेतु शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में महंत गुरु प्रसाद शर्मा, जिला अध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद उरई, राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल, के0के0 शुक्ला, वरिष्ठ टोल प्रबन्धक, आटा टोल प्लाजा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोंच से राजेश कुमार निरंजन, जितेन्द्र कुमार, टोल प्लाजा स्टाफ से पंकज कुमार पाल, दीपेन्द्र भार्गव, अफजल खान, देवेश शुक्ला, भोला सिंह, जगदीश महेश्वरी, सतेन्द्र कुमार, दीपक यादव, मथुरा प्रसाद, शिवप्रकाश तोमर की अहम भूमिका रही। उक्त शिविर में 63 चालकों व परिचालकों के स्वास्थ्य व नेत्र की जाँच की गयी कम दृष्टि वाले चालक व परिचालकों को निशुल्क चश्मा वितरण किये गये।

राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल द्वारा उपस्थित समस्त चालक व परिचालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी देते हुए जागरुक किया गया। उपस्थित सभी जनों को वाहन चलाते समय स्टंटबाजी न करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, तेज रफ्तार से वाहन न चलाने, गलत ढंग से ओवरटेक न करने, राँग साइड वाहन न चलाये जाने हेतु एवम् समस्त वैध प्रपत्रों सहित वाहन का संचालन करने की सलाह दी गयी तथा यह भी अवगत कराया गया कि भारत सड़क दुर्घटनाओं की समस्याओं से जूझ रहा है, जिसमें दुर्घटनाओं में हताहत होने वालों में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। उपरोक्त के दृष्टिगत हम सभी की जिम्मदारी है कि हम स्वयं भी जागरुक हों और दूसरों को भी जागरुक करने हेतु आग्रह किया गया। अन्त में टोल प्लाजा प्रबन्धक व स्टाफ के सहयोग से अनेकों वाहनों में रिफ्लेक्टर टेप लगवाया गया।

विनय कुमार पाण्डेय, यात्रीकर/मालकर अधिकारी द्वारा सतेन्द्र कुमार प्रवर्तन सिपाही व होमगार्ड के सहयोग से जोल्हूपुर मोड़ पर सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत बिना हेलमेट के वाहन का संचालन करने के अभियोग में 15 चालान, बिना सीट-बेल्ट के वाहन का संचालन करने में 10 चालान, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करने के अभियाग में 10 चालान एवम् गलत दिशा वाहन का संचालन करने के अभियोग में 05 चालान किये गये। साथ समस्त चालकों व आमजनमानस को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेलमेट व सीट-बेल्ट एवम् वाहन के समस्त वैध प्रपत्रों सहित वाहन का संचालन करने की सलाह दी गयी।

# सीडीओ व जिला क्षय अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

## सफाई व्यवस्था व जलभराव की समस्या के समाधान के दिये निर्देश




■ जालौन-उरई

सीडीओ व जिला क्षय अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। सफाई व्यवस्था व गेट पर जलभराव की समस्या के समाधान के निर्देश दिए।

सीडीओ राजेंद्र प्रसाद श्रीवास व एसीएमओ देवेंद्र भिटौरिया ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, जनरल मरीज भर्ती वार्ड, प्रसव कक्ष आदि का निरीक्षण किया। प्रसव उपरांत भर्ती महिलाओं को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं दुरूस्त मिलीं। इसके अलावा उन्होंने अस्पताल के रिकॉर्ड को भी देखा और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में लगाए गए हेल्थ एटीएम मशीन का भी निरीक्षण किया। मरीजों से अस्पताल में मिलने वाली दवाओं और जांचों के बारे में जानकारी की। जिसमें मरीजों द्वारा बताया गया कि अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा जो भी दवाएं लिखी गई हैं वह अस्पताल से ही मिली हैं। जांच भी अस्पताल की पैथोलॉजी लैब में हुई है। अस्पताल में साफ सफाई व्यवस्था बेहतर न मिलने पर उन्होंने साफ सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश चिकित्सा अधीक्षक केडी गुप्ता को दिए। इसके अलावा मरीजों के तीमारदारों ने बताया कि अस्पताल के मुख्य गेट पर बारिश के दिनों में जलभराव हो जाता है। इसको लेकर उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिए कि नगर पालिका से समन्वय कर गेट पर जलभराव की समस्या का समाधान कराया जाए। वहीं, अस्पताल के बाबई रोड पर स्थित गेट नंबर दो को न खुलने पर जब उनसे सवाल किया गया तो उन्होंने बताया कि अभी उपरोक्त रोड बना नहीं है। रोड बनने के बाद अस्पताल का गेट नंबर दो भी खुलवा दिया जाएगा। निरीक्षण के बाद उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक को मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर डॉ. गरिमा सिंह, डॉ. विनोद, डॉ. योगेश आर्या, डॉ. राजीव दुबे, डॉ. पीएन शर्मा, अवधेश राजपूत आदि मौजूद रहे।

### सप्ताह भर बाद मौसम में आया परिवर्तन, धूप निकलने से मिली राहत

**जालौन-उरई ।** सोमवार को सुबह से ही खिली धूप से लोगों को सर्दी से राहत मिली। लोगों ने धूप में बैठकर लुत्फ उठाया। मौसम का रुख सोमवार की सुबह बदला नजर आया। सुबह साढ़े सात बजे ही सूर्यदेव ने दस्तक दे दी। धूप होते ही लोग बिस्तर और कपड़ा को धूप में डालने लगे। घर के बाहर बैठे लोग ठंड से राहत का एहसास करते रहे। आठ बजे तक मौसम एकदम साफ हो गया। हालांकि सर्द से बचाव के लिए सुबह लोग गर्म पानी कर स्नान करते नजर आए। मौसम का बदला मिजाज देख लोग कड़ाके की ठंड से राहत महसूस करते नजर आए। दिन में धूप निकलने के बाद अधिकतम तापमान में वृद्धि रही। धूप निकलने के बाद दिन में लोग दुकानों के बाहर, गली मोहल्लों और अन्य स्थानों पर खड़े होकर धूप सेंकते नजर आए। शाम के समय ठंड बढ़ने के बाद लोगों को गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा रहा है। धूप खिलने से श्रीबाराहीं देवी मेला व विकास प्रदर्शनी में भी खूब चहल पहल देखने को मिली।

# डीएम व एसपी ने सुनी समाधान दिवस पर शिकायतें

## आधा सैकड़ा शिकायतों में 10 का हुआ मौके पर निस्तारण



■ कोंच

तहसील सभागार में आयोजित जिलास्तरीय समाधान दिवस में डीएम राजेश कुमार पांडेय और एसपी डॉ दुर्गेश कुमार ने लोगों की शिकायतें सुनी इस मौके पर 50 शिकायतें दर्ज करायी गयीं जिनमें से 10 शिकायतें मौके पर निस्तारित हो सकी।समाधान दिवस में डीएम को मजदूर कल्याण सेवा समिति गल्ला मंडी के अध्यक्ष किशुन प्रसाद कुशवाहा आदि ने बताया कि हरी मटर की बोरी का वजन 80-90 किलो की बजाए 50-60 किलो कराये जाने के निर्देश मंडी सचिव को दिए जायें ताकि मजदूरों को बोरी उठाने और ट्रक में लादने में परेशानी न उठानी पड़े। वकीलों ने तहसीलदार न्यायालय में 20 दिन से स्थायी पेशगार न होने से उत्पन्न परेशानी की शिकायत की।तीतरा खलीलपुर निवासी अनूप कुमार ने डीएम को शिकायती पत्र देकर कहा कि उसके पिता ने तीनो भाईयो को जमीन का बटबारा कर दिया था लेकिन बडे ने भाई पिता को बहला-फुसलाकर अपनी पुत्री के नाम जमीन करवा ली है।डीएम ने सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय सीमा के अंदर निस्तारण करने के निर्देश दिए। एसपी ने भी पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतों के निस्तारण के लिए दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर एसडीएम ज्योति सिंह, सीओ डॉ देवेंद्र कुमार पचौरी, तहसीलदार पवन पटेल, नायब तहसीलदार शादाब उल्ला, बीएसए चंद्रप्रकाश, जिला विकास अधिकारी महेंद्र कुमार, जिला कृषि अधिकारी गौरव कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी राजीव शुक्ला, एसडीओ विद्युत अनिरुद्ध कुमार मौर्य, कोतवाल अरुण कुमार राय, थानाध्यक्ष नदीगाँव दिव्य प्रकाश तिवारी, थानाध्यक्ष कैलिया राजीव कुमार आदि मौजूद रहे।वही डीएम ने खतौनी कक्ष,राजस्व बंदी गृह का भी निरीक्षण किया।

### सीडीओ व एसडीएम की उपस्थिति में आयोजित समाधान दिवस में आयी 11 शिकायतें



**जालौन-उरई।** जन समस्याओं को मौके पर निस्तारण के लिए तहसील सभागार में सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास व उपजिलाधिकारी विनय मोर्य की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में 11 शिकायतें पंजीकृत हुई। मौके पर किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सका। शनिवार के स्थान पर सोमवार को आयोजित हुए संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास ने की। इस दौरान सीडीओ व एसडीएम विनय मौर्य ने शिकायतों को सुना। जिसमें 11 फरियादियों ने अपनी शिकायतें पंजीकृत कराई। संपूर्ण समाधान दिवस में अवैध कब्जा, मारपीट, बिजली, पानी, अतिक्रमण की शिकायतें दर्ज कराई गई। जिनमें पुलिस विभाग की चार, बिजली विभाग तीन, राजस्व विभाग दो, विकास विभाग की दो शिकायतें पंजीकृत हुई। मौके पर किसी समस्या का समाधान नहीं हो सका। इस मौके पर तहसीलदार एसके मिश्रा, बीडीओ अरुण सिंह, एसीएमओ डॉ देवेंद्र भिटौरिया, नायब तहसीलदार गौरव कुमार, डॉ. राजीव दुबे, बीईओ प्रीति सिंह, जेई जल संस्थान आलोक श्रीवास्तव, पूर्ति निरीक्षक अजीत कुमार, मंडी सचिव वीरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# इजराइल ने 90 फिलिस्तीनी कैदियों को किया रिहा

## इजराइल 700 से ज्यादा फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा, जारी की लिस्ट

● नई दिल्ली, एजेंसी

**इजराइल**-हमास के बीच बीते 15 महीनों से जारी जंग रविवार, 19 जनवरी को थम गई है। इजराइल ने सीजफायर के पहले दिन 90 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया है। इससे पहले हमास ने भी इजराइल की 3 महिला बंधकों को रिहा किया था। इन बंधकों के नाम रोमी गोनेन, एमिली दामारी और डोरोन स्टीनब्रेचर हैं। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक तीनों बंधकों को रेड क्रॉस की मदद से इजराइल वापस लाया गया।




बंधकों की वापसी पर इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि पूरा देश आपको गले लगा रहा है। रिहाई के बाद फिलिस्तीन और इजराइल दोनों जगहों पर लोगों ने खुशियां मनाईं। सीजफायर की घोषणा के बाद 600 से अधिक ट्रक इजराइल की सख्त नाकेबंदी के बीच मानवीय सहायता लेकर गाजा पहुंचे। फिलिस्तीनी नागरिक युद्धग्रस्त इलाकों से अपने घरों की जांच करने और अपने रिश्तेदारों को दफनाने के लिए वापस लौट रहे हैं।सीजफायर डील 3 फेज में पूरी होगी। पहले फेज में हमास इजराइल से किडनैप किए गए 33 बंधकों को रिहा करेगा। साथ ही इजराइली सेना गाजा की सीमा से 700 मीटर पीछे लौटेगी। इजराइल के न्याय मंत्रालय ने भी 95 फिलिस्तीनी कैदियों की लिस्ट जारी की है, जिन्हें पहले फेज में रिहा किया जाएगा। इनमें 69 महिलाएं, 16 पुरुष और 10 नाबालिग शामिल हैं। इजराइल 700 से ज्यादा फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। इनके नाम की लिस्ट भी जारी की गई है। इस लिस्ट में शामिल कई लोग हत्या के आरोप में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं, जिनमें हमास और फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद के सदस्य भी शामिल हैं। हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल में घुसकर 1200 लोगों को मार डाला था और 251 को बंधक बना लिया था। इसके कुछ घंटे बाद इजराइली सेना ने गाजा पर हमला बोल दिया था।5 जनवरी को जो बाइडेन ने कहा कि यह डील 19 जनवरी, यानी रविवार से तीन फेज में शुरू होगी। इसमें 42 दिन तक बंधकों की अदला-बदली की जाएगी। 19 जनवरी से 1 मार्च तक गाजा में पूरी तरह से युद्धविराम रहेगा। हमास 33 इजराइली बंधकों को रिहा करेगा। इजराइल रोजाना अपने एक बंधक के बदले 33 फिलिस्तीनी बंदियों को रिहा करेगा। हर एक इजराइली महिला सैनिक के बदले 50 फिलिस्तीनी बंदियों को रिहाई मिलेगी।

# पूर्व सीएम केजरीवाल पर नहीं हुआ था किसी तरह का हमला: प्रवेश वर्मा

● नई दिल्ली,

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) नेता एवं नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने दावा किया है कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर किसी तरह का हमला नहीं हुआ है बल्कि वह जनता से सवालों के बचने के लिए सभा स्थल से भाग गये थे।

प्रवेश वर्मा न संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केजरीवाल नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से चुनाव हार रहे हैं इसलिए उन्होंने हमले की झूठी कहानी रची है। उन्होंने कहा कि 12 साल की विधायकी के बाद भी केजरीवाल आज नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में जब प्रचार को जाते हैं तो वहां जनता सवाल पूछती है और सवालों का जवाब देने की बजाय वह भाग जाते हैं। उन्होंने कहा कि



केजरीवाल का चुनाव प्रचार पंजाब से आई राशि और कार्यकर्ताओं पर चल रहा है। उन्होंने कहा कि वह (केजरीवाल) नहीं चाहते कि आतिशी, मनीष सिसोदिया या सौरभ भारद्वाज चुनाव जीते, इसलिए उन्हें चुनाव प्रचार से हटा कर सिर्फ संवाददादा सम्मेलन और बैठकों में उलझा कर रखते हैं। इस दौरान दिल्ली भाजपा के मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर, पार्टी प्रवक्ता डॉ. ममता त्यागी मौजूद थे। कपूर ने कहा कि प्रवेश वर्मा नई दिल्ल विधानसभा से चुनाव जीत रहे हैं और दिल्ली में भाजपा की बड़ी जीत का कारक बन रहे हैं।

# तीसरा विश्व युद्ध रोकूंगा: डोनाल्ड ट्रंप

## कहा– मैंने गाजा में सीजफायर कराया, अवैध प्रवासियों को अमेरिका से निकालेंगे

● नई दिल्ली, एजेंसी

**अमेरिका** के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शपथ ग्रहण से पहले रविवार रात को वॉशिंगटन में विक्ट्री स्पीच (विजयी भाषण) दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि वे दुनिया में तीसरा विश्व युद्ध होने से रोकेंगे। उन्होंने दावा किया कि दुनिया तीसरे विश्व युद्ध के बेहद नजदीक है। ट्रंप ने इजराइल-हमास के बीच हुए सीजफायर का भी श्रेय लिया। उन्होंने कहा कि यह ट्रम्प इफेक्ट है। उनके चुनाव जीतने के महज 3 महीने के भीतर गाजा में सीजफायर हो गया है। ट्रंप ने यूक्रेन में जारी जंग और मिडिल ईस्ट के देशों में फैली अराजकता को रोकने की बात भी कही।

ट्रम्प ने कहा कि उनकी शपथ के बाद अमेरिकी पतन के चार साल का अंत हो जाएगा। उन्होंने अगले कार्यकाल में एतिहासिक रफ्तार से काम करने की बात कही। उन्होंने कहा कि उनके काम की शुरुआत मेक्सिको बॉर्डर सील करने से होगी। ट्रंप का ये भाषण कैपिटल वन एरिना में हुआ। 20,000 लोगों की क्षमता वाला ये एरिना खचाखच भरा था। इसके अलावा बड़ी संख्या में लोग कड़कड़ाती ठंड के बावजूद बाहर खड़े हुए थे।ट्रंप ने अमेरिका से अवैध प्रवासियों को निकालने की बात कही। ट्रंप ने कहा बहुत जल्द हम अमेरिका इतिहास का सबसे बड़ा निर्वासन अभियान शुरू करेंगे। अपने शपथ ग्रहण पर- शपथ ग्रहण पर बात करते हुए



ट्रम्प ने कहा कि हम कल दोपहर अपना देश वापस लेंगे। उन्होंने कहा किअमेरिका के पतन के चार लंबे साल खत्म हो रहे हैं और हम अमेरिकी शक्ति, समृद्धि, गरिमा और गर्व का एक नया दिन शुरू करने जा रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि हम अपनी स्कूलों में देशभक्ति की भावना को बहाल करेंगे, कट्टर वामपंथी और 'वोक' विचारधाराओं को हमारी सेना और सरकार से बाहर करेंगे। हम अमेरिका को फिर से महान बनाएंगे। डोनाल्ड ट्रंप अपने पहले कार्यकाल में 6 जनवरी 2021 को कैपिटल हिल में हुई हिंसा के दोषियों को माफी दे सकते हैं। रैली के दौरान ट्रंप ने बताया वे इन दोषियों पर लिए गए फैसले से बेहद खुश हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वो पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी समेत दूसरे नेताओं की हत्याओं से जुड़ें 60 साल पुराने सरकारी दस्तावेजों को सार्वजनिक करेंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने चीनी ऐप टिकटॉक को प्रतिबंध नहीं लगाने की बात दोहराई। उन्होंने शपथ ग्रहण के बाद इसके लिए एक कार्यकारी आदेश जारी करने की बात कही। भाषण के दौरान ट्रंप ने कहा कि आज से टिकटॉक वापस आ गया है। इससे पहले टिकटॉक ने शनिवार देर रात से देश में काम करना बंद कर दिया था।

रविवार को डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट कर अधिकारियों को टिकटॉक को और समय देने का आदेश दिया। इसके बाद टिकटॉक ने दोबारा काम करना शुरू किया। कंपनी ने अपनी वापसी का श्रेय ट्रम्प को दिया। रविवार को ही कुछ घंटो बाद टिकटॉक ने सोशल मीडिया पर एक बयान जारी किया। कंपनी ने लिखा- सर्विस को रीस्टोर किया जा रहा है। हम अमेरिका में टिकटॉक को बनाए रखने के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ मिलकर काम करेंगे। ट्रंप ने भाषण के बाद कहा कि वह कैलिफोर्निया में आग से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को दौरा करेंगे। आग की चपेट में आने से करीब 40 हजार एकड़ इलाका जल गया था। इसमें 27 लोगों की मौत भी हुई। डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण से कुछ घंटे पहले राष्ट्रपति जो बाइडेन ने सोमवार को कई लोगों को अग्रिम माफी दे दी है। डॉ. एंथनी फाउची, जनरल मार्क मिले और 6 जनवरी कैपिटल हिल हमले की जांच के लिए गठित समिति के सदस्य शामिल हैं। ये सभी ट्रंप के विरोधी माने जाते हैं। ट्रंप ने चुनाव से पहले कई बार यह चेतावनी दी थी कि राष्ट्रपति बनने के बाद वे जो बाइडेन प्रशासन के उन अधिकारियों की जांच कराएंगे, जिन्होंने उनके खिलाफ कार्रवाई की। यही वजह है कि ट्रंप ने इन्हें बचाने के लिए अग्रिम माफी दी है।

# चिन्मय दास की जमानत पर अगले सप्ताह होगी सुनवाई

## 25 नवंबर से बांग्लादेश जेल में बंद हैं हिंदू संत

● ढाका, एजेंसी

**बांग्लादेश** में हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की जमानत पर सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई होने वाली थी लेकिन अब यह टल गई है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक अब जमानत पर अगले सप्ताह सुनवाई हो सकती है।

चिन्मय दास पर बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज के अपमान का आरोप है। इस मामले में राजद्रोह का केस दर्ज कर उन्हें 25 नवंबर 2024 को गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले 2 जनवरी को चटगांव की निचली अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद चिन्मय दास के वकील अपूर्व कुमार भट्टाचार्य ने 12 जनवरी को हाईकोर्ट में जमानत के लिए अर्जी दाखिल की। 2 जनवरी की सुनवाई के दौरान वकील अपूर्व भट्टाचार्य ने कोर्ट से कहा था कि चिन्मय दास बांग्लादेशी ध्वज का सम्मान करते हैं और वो बांग्लादेश को अपनी मातृभूमि मानते हैं। वो देशद्रोही नहीं हैं। बांग्लादेश पुलिस ने पिछले साल 25



नवंबर को ढाका के हजरत शाहजलाल इंटरनेशनल एयरपोर्ट से चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को गिरफ्तार किया था। तब वे चटगांव जा रहे थे। मौके पर मौजूद इस्कॉन के सदस्यों ने कहा कि डीबी पुलिस ने कोई गिरफ्तारी वारंट नहीं दिखाया। उन्होंने बस इतना कहा कि वे बात करना चाहते हैं। इसके बाद वो उन्हें माइक्रोबस में बैठाकर ले गए। ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की जासूसी शाखा (डीबी) के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त रेजाउल करीम मल्लिक ने कहा कि पुलिस के अनुरोध के बाद चिन्मय कृष्ण दास को गिरफ्तार किया गया। चिन्मय दास को कानूनी प्रक्रिया के लिए संबंधित पुलिस स्टेशन को सौंप दिया जाएगा। चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी का असली नाम चंदन कुमार धर है।

# पंजाब में बैन हुई कंगना रनौत की 'इमरजेंसी'



**मुंबई:** कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' को लेकर पंजाब में काफी विवाद हो रहा है. वहां कई जगहों पर फिल्म के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए और फिल्म की रिलीज को रोका गया. अब इस मामले पर कंगना रनौत खुद सामने आई हैं और उन्होंने बयान दिया है. कंगना ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है और कहा है कि एक पंजाब में उनकी फिल्म इमरजेंसी को रिलीज नहीं होने दिया जा रहा है. कंगना ने अपने वीडियो संदेश में कहा, ह्वदोस्तों, मैं जी स्टूडियो, मणिकर्णिका फिल्म और इज माई ट्रिप के हर सदस्य की तरफ से आ लोगों का दिल से आभार व्यक्त करती हूं. आप लोगों ने हमारी फिल्म को इतना प्यार दिया, इतना सम्मान दिया. हमारे पास कोई शब्द ही नहीं है, उस आभार को व्यक्त करने के लिए. लेकिन मेरे दिल में अभी भी कुछ दर्द है.ह्वकंगना आगे कहती हैं, ह्वइंडस्ट्री में ऐसा कहा जाता था कि पंजाब में मेरी फिल्में सबसे अच्छा परफॉर्म करती हैंऔर आज एक दिन है जब पंजाब में मेरी फिल्म को रिलीज तक नहीं होने दिया जा रहा है. ऐसे ही कुछ हमले लोगों पर कनाडा या ब्रिटेन में भी किए जा रहे हैं. कुछ छोटे-मोटे लोगों ने, कुछ चुनिंदा लोगों ने ये आग लगाई हुई है. इस आग में हम और आप जल रहे हैं. दोस्तों मेरी फिल्म, मेरे विचार और मेरा देश के प्रति क्या लगाव है वो इस फिल्म से प्रदर्शित होता है. आप ये फिल्म देखकर खुद फैसला कीजिए. क्या ये फिल्म हमें जोड़ती है या फिल्म हमें

## आदमखोर भालू ने दो लोगों की ली जान

**कांकेर:** छत्तीसगढ के कांकेर जिले में आदमखोर भालू ने दो लोगों की जान ले ली है, वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। भालू ने वन अमले पर भी हमला किया है। घटना भानुप्रतापपुर के डोगरकट्टा की बतायी जा रही है। मौके के लिए वन विभाग की अतिरिक्त टीम रवाना हुई है। अभी भी एक शव घटना स्थल पर ही पड़ा हैं।आदमखोर भालू के डर से वन विभाग की टीम मौके पर पड़े एक शव के पास नहीं जा पा रही है। रायपुर से भी टीम को बुलाया गया है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं वनकर्मी भी घायल है। बताया जा रहा है सोमवार सुबह लगभग 10 :30 खेत गए दो ग्रामीणों पर भालू में हमला कर दिया जिससे एक ग्रामीण का मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे ने हॉस्पिटल में दम तोड़ दिया।

## दो इनामी समेत तीन माओवादी गिरफ्तार

**सुकमा:** छत्तीसगढ़ में सुकमा जिले के थाना चिंतागुफा क्षेत्र में पुलिस ने दो ईनामी नक्सली समेत कुल तीन माओवादियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों में से एक नक्सली पर दो लाख रुपये और एक नक्सली पर एक लाख रुपये का इनाम था। गिरफ्तार नक्सली साल 2024 में दुलेड़ के पास हुए एक पिकअप वाहन लूटपाट और वाहन में आग लगाने की घटना में शामिल थे। चितागुफा पुलिस बल और डीआरजी ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए इन्हें गिरफ्तार कर लिया है। उन्मूलन अभियान के तहत डीआरजी की टीम संयुक्तजंगल क्षेत्रों में नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना हुई थी। इस दौरान दुलेड़ के जंगल क्षेत्र में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को देखा गया, जो पुलिस पार्टी को देखकर भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर तीन संदिग्धों को पकड़ा ।

## बठिंडा में किसान और पुलिस के बीच झड़प

**बठिंडा:** पंजाब के बठिंडा के कस्बा रामपुरा फूल के जीद गांव में सोमवार को किसानों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। बड़ी संख्या में पुलिस प्रशासन ने गांव में एक प्रोजेक्ट के लिए जमीन चिह्नित करने गयी थी। भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां की ओर से इसका कड़ा विरोध किया गया।इस दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से किसानों की एक ट्रॉली को जब्त कर लिया। प्रदेश अध्यक्ष जोगिंदर सिंह उगराहां की अगुआई में बड़ी संख्या में किसान मौके पर पहुंचे।इस दौरान पुलिस प्रशासन और किसान नेताओं के बीच तीखी नोकझोंक हुई। किसान नेताओं ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए ट्रॉली वापस करने को कहा। किसानों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने जब्त की गयी ट्रॉली को किसान नेताओं को वापस कर दिया।

# लगातार सदन को स्थगित करना गंभीर मामला: ओम बिरला

● पटना,

**अखिल** भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में लगातार हंगामा और कार्यवाही स्थगित कराए जाने को गंभीर चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि सभी दल को इसमें मदद करनी होगी। बिहार के सम्मेलन में जो फैसले लिए जाएंगे इसका पूरे देश में मैसेज जाएगा।ओम बिरला ने कहा कि खुशी है कि आज देश के अधिकतम विधानसभा में डिजिटल काम हो रहा है। अब एक प्लेटफार्म पर विधानसभा और लोकसभा की कार्रवाई होगी तो सार्थक चर्चा हो सकेगी। 2025 में एक देश एक विधान के लक्ष्य को पूरा करेंगे। 'बैठकों की घटती संख्या चिंता का विषय' : लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधानसभा बैठकों की घटती संख्या पर चिंता जतायी। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने 3 वर्षों तक चर्चा के बाद ऐसा संविधान बनाया है जो न केवल देश की लोकतंत्र की व्यवस्था को मार्गदर्शन कर रहा है, बल्कि दुनिया के लोकतंत्र को मार्गदर्शन दे रहा है। ऐसे में हमें इसे और मजबूत करना है। कार्यक्रम के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ने बिहार के कई विभूतियों का नाम लिया। उन्होंने कहा कि बिहार की धरती शिक्षा और ज्ञान की धरती है। नालंदा विक्रमशिला यहीं था। इसलिए ज्ञान और अनुभव के माध्यम से हमारे लोकतांत्रिक संस्थाओं को नया संदेश इस धरती से जाने वाला है।इस धरती से देश के प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद हुए। जिनकी संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका है। संविधान निर्माण के अध्यक्ष के तहत उन्होंने दायित्व निभाया। यह धरती कर्पूरी ठाकुर की है, जिन्होंने गरीबों के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष किया।



पटना में आयोजित अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में मौजूद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला व अन्य।

# हिमाचल समेत तीन राज्यों में बर्फबारी, 11 राज्यों में कोहरा

● नई दिल्ली, एजेंसी

**जम्मू**-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में लगातार बर्फबारी हो रही है। बर्फीली हवाओं के कारण हिमाचल के तीन शहरों में तापमान माइनस में पहुंच गया। सबसे कम तापमान ताबो में माइनस 5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। यहां अगले 4 दिनों तक बर्फबारी की संभावना है।

इसके अलावा देश के 11 राज्यों में सोमवार सुबह घना कोहरा भी देखने को मिला। मध्य प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और उत्तराखंड के अलावा नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में विजिबिलिटी घटी। दिल्ली में धुंध के कारण 19 ट्रेनें लेट हुईं। बर्फीली




हवाओं के चलते उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तापमान 10 डिग्री से नीचे रिकॉर्ड किया गया। इटावा में पारा 5 डिग्री तक पहुंचा। अयोध्या में ठंड के कारण 5वीं तक के स्कूल बंद कर दिए गए। वहीं, 6ठवीं से 12वीं तक के स्कूलों की टाइमिंग बदली गई है। पंजाब में भी शीतलहर के चलते सर्दी का असर लगातार बना हुआ है।

# अमेरिका में टिकटॉक फिलहाल बैन नहीं

## कंपनी ने सर्विस रिस्टोर की, भारत में जून 2020 में टिकटॉक एप को कर दिया गया था बैन

● नई दिल्ली, एजेंसी

**चाइनीज** शॉर्ट वीडियो ऐप टिकटॉक (ळ'ळङ्ग' ) पर फिलहाल अमेरिका में बैन नहीं लग रहा है। दरअसल यूएस की फेडरल कोर्ट ने टिकटॉक को 19 जनवरी तक अपनी पेरेंट कंपनी बाइटडांस की हिस्सेदारी बेचने के लिए कहा था। जिसके बाद रविवार को अमेरिका में अधिकतर यूजर्स के फोन में एप ने काम करना बंद कर दिया था। रविवार को कुछ घंटो बाद टिकटॉक ने सोशल मीडिया पर एक बयान जारी किया। कंपनी ने लिखा- सर्विस को रिस्टोर किया जा रहा है। हम अमेरिका में टिकटॉक को बनाए रखने के लिए राष्ट्रपति




ट्रम्प के साथ मिलकर काम करेंगे।17 जनवरी को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक कानून को मंजूरी दी थी। एपल हब ने बताया कि अमेरिकी एप स्टोर से टिकटॉक एप को रिमूव किया जा चुका था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में टिकटॉक यूजर्स को एप खोलने पर ये मैसेज दिखाई दे रहा था - 'अमेरिका में टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने वाला कानून लागू किया गया है। दुर्भाग्य से इसका मतलब है कि आप अभी टिकटॉक का इस्तेमाल नहीं कर सकते। हम भाग्यशाली हैं कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने संकेत दिया है कि वह कार्यभार संभालने के बाद टिकटॉक को फिर से शुरू करने के सॉल्यूशन पर हमारे साथ काम करेंगे।'भारत में जून 2020 में टिकटॉक ऐप को बैन कर दिया गया था। भारत सरकार ने चीनी ऐप्स को देश की संप्रभुता और सुरक्षा के लिए खतरा बताया था। भारत-चीन सीमा पर सैन्य झड़प के बाद भारत ने टिकटॉक सहित 59 चीनी ऐप्स पर बैन लगाया था। बैन से कुछ महीने पहले, भारत ने चाइनीज कंपनियों के निवेश पर भी प्रतिबंध लगाया था। भारत में अब तक 500 से ज्यादा चाइनीज ऐप्स पर प्रतिबंध लग चुका है। चाइनीज कंपनी के वीडियो ऐप टिकटॉप पर पोर्नोग्राफी को बढ़ावा देने के आरोप थे। इसके अलावा उस पर भारतीयों का डेटा चोरी करने के आरोप का भी सामना करना पड़ा था। सबसे पहले मद्रास हाईकोर्ट ने इस पर बैन लगाया था। हाईकोर्ट से बैन होने के बाद बाइटडांस ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। उसने भी मद्रास हाईकोर्ट का ऑर्डर बहाल रखा था। भारत में बैन की वजह से इसकी पेरेंट कंपनी बाइटडांस को रोज 5 लाख डॉलर (3.50 करोड़ रुपए) का नुकसान हो रहा है। मद्रास हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को आदेश दिया था कि टिकटॉक की डाउनलोडिंग पर रोक लगाई जाए, इससे पोर्नोग्राफी को बढ़ावा मिल रहा है। इसके बाद सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने एपल को गूगल को अपने ऑनलाइन स्टोर से टिकटॉक हटाने के लिए कहा था। दोनों कंपनियों ने ऐप हटा दिया। उस वक्त देश में टिकटॉक के 24 करोड़ यूजर थे।

संपादकीय

# युद्ध विराम के बाद

**इस युद्ध में कौन जीता? इस्राइल ने गजा को बरबाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस्राइल ने युद्ध में अंधाधुंध पैसा झोंका। क्या इस्राइल गजा को फतह कर पाया?**


**हमास** और इस्राइल के बीच युद्ध विरोम समझौता हो गया है। यह खुशी की बात है, लेकिन यह खुशी कब तक कायम रह सकती है? हमास और इस्राइल के बीच युद्ध पहला नहीं था शायद आखिरी भी न हो। युद्ध विराम के साथ ही अगर फलस्तीन और इस्राइल के बीच अगर हमेशा के लिए कोई ऐसा समझौता हो जाता, जिससे आगे कोई युद्ध न हो तो ज्यादा सही रहता। हजारों मौतों, लाखों लोगों के बेघर होने और लाखों घायल होने के बाद यह युद्ध विराम छोटा विराम हो सकता है, पूर्ण विराम नहीं है। फलस्तीन में खुशी का माहौल है। रविवार को एक ओर हमास ने तीन इस्राइली बंधकों को छोड़ा, तो वहीं इस्राइल ने 90 फलस्तीनियों को रिहा किया। इस्राइल के रामल्लाह स्थित ओफर जेल से फलस्तीनी कैदी रिहा किए गए। इसमें फलस्तीन के प्रमुख संगठन की कार्यकर्ता, महिलाएं और बच्चे शामिल रहे। युद्ध विराम में मिस्र, कतर, अमेरिका जैसे कई देशों मुख्य भूमिका निभाई। क्या युद्ध विराम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस चेतावनी का असर है, जिसमें उन्होंने कहा कि अगर 20 जनवरी तक कोई समझौता नहीं हुआ तो मिडल ईस्ट को इसकी भारी कीमत चुकानी होगी? सवाल यह भी है कि आखिर इस युद्ध में कौन जीता और कौन हारा? इस्राइल ने गजा को बरबाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। गजा के ज्यादातर बिल्डिंगें बमबारी में तबाह कर दी गईं। इस्राइल ने युद्ध में अंधाधुंध पैसा झोंका। क्या इस्राइल गजा को फतह कर पाया? खंडहर बने गजा पर कब्जा करके इस्राइल करता भी क्या? गजा को फिर से खड़ा करने में वर्षों लगेंगे, साथ ही बहुत पैसा भी लगेगा। क्या दुनिया गजा को दोबारा आबाद करने में मदद करेगी? युद्ध विराम से अगर गजा में जश्न का माहौल है तो 471 दिन बाद इस्राइल के लिए भी तीन बंधकों की रिहाई खुशी लेकर आई है। जश्न इस्राइल में भी है। इस्राइली जनता का बड़ा वर्ग इस युद्ध के विरोध में था। वहां युद्ध के विरुद्ध लोग सड़कों पर आए थे और अपना विरोध प्रकट किया था। इस्राइल का युद्ध में बड़ा आर्थिक नुकसान झेला है, जिसकी भरपाई इस्राइली जनता को ही करना है। इस्राइल के युद्ध के मुख्य उद्देश्यों में से एक हमास की सैन्य और शासन क्षमताओं को खत्म करना था। क्या हमास की ताकत हमेश के लिए खत्म हो गई है? इस बीच पिछले बार हुए युद्धविराम को देखते हुए ये माना जा रहा है कि युद्धविराम के दौरान स्थिति नाजुक भी हो सकती है। इस दौरान एक छोटी-सी घटना भी बड़े खतरे में बदल सकती है।

पाठकवाणी

### महाकुंभ में नारियां

हिंदू धर्म की एक प्रसिद्ध उक्ति है 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता', जिसे हिंदू धर्मावलंबियों द्वारा बहुत ही जोर शोर से उच्चारित किया जाता है। आजकल प्रयाग राज उत्तर प्रदेश में महाकुंभ आयोजित किया जा रहा है, जहां चहुं ओर हिंदू धर्म का डंका बज रहा है। मीडिया द्वारा हिंदू धर्म-सनातन धर्म के इस पर्व को लेकर खासा प्रचार प्रसार किया जा रहा है। जिससे युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक में उल्लास पूर्ण वातावरण है। इसी उल्लास को लेकर आने वाली दो खबरों ने हिंदू धर्म संस्कृति पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक मध्य प्रदेश के महेश्वर से आई मोनालिसा के साथ युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक का असभ्य, अशोभनीय व्यवहार और एक साध्वी बनने जा रही मॉडल हर्षा रिछारिया की सुंदरता के पीछे पागलपन की हदें पार करती हिंदू जनता। सवाल खड़े करती हैं हिन्दू धर्म के इस महाआयोजन पर, जिसमें श्रद्धा, आस्था, भक्ति सर्वोच्च होनी चाहिए, वहां वासना आगे दिखाई दे रही है। धर्म के इस श्रेष्ठ पर्व में भी इनके मन में उनकी सुंदरता ही क्यों उतर रही है? इनके मन में इन्हें लेकर धार्मिक भावनाएं नहीं उभर रही हैं? कहां कमी रह गई है भाजपा की नीतियों में जो बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का अभियान चला कर भी धर्म के इस महाकुंभ तक में बेटियों को सुरक्षित वातावरण नहीं दे पा रही है? मॉडल से साध्वी बनी हर्षा रिछारिया को रोते रोते महाकुंभ छोड़ना पड़ गया है। **-शालिनी कौशिक एडवोकेट**, कैराना (शामली)

कुछ खास



ये ऐसा समय है, जहां 'अज्ञान' शिखर से बोलता है, और यह अज्ञान कोई ऐसी-वैसी जगह से नहीं, लाल किले पर खड़ा होकर बोलता है। इस समय में अज्ञान का जितना महिमामंडन हुआ है, वैसा भारत के पूरे इतिहास में कभी नहीं हुआ।

**-अशोक वाजपेयी**, वरिष्ठ कवि

आज का ट्वीट



''केजरीवाल ने पुजारियों और ग्रंथियों को वेतन देने की घोषणा की, लेकिन 314 बुद्ध विहार हैं, करीब 150 वाल्मीकि और रविदासी मंदिर हैं। ढेर सारे चर्च भी हैं। इनके लिए ऐसी घोषणा क्यों नहीं की?''

**-उदित राज**

सामयिक

# क्या राहुल गांधी देशद्रोही हैं?



**शाहीन सबा**

**राहुल गांधी की छवि खराब करने के लिए पानी की तरह पैसा बहाया गया है। यह पैसा नफरत की अंधी सुरंग को और काला ही करेगा। एक ऐसी सुरंग जिससे बाहर निकलने का रास्ता हमें कभी दिखाई नहीं देगा। यह हमें सुनिश्चित करना है कि हमें नफरत की अंधी सुरंग में प्रवेश करना है या फिर खुले आकाश में उड़ना है?**

राहुल गांधी के खिलाफ असम में एक एफआईआर दर्ज कराई गई है। यह एफआईआर गुवाहटी के पान बाजार पुलिस स्टेशन में एक वकील मनजीत चेतीया ने दर्ज कराई है। एफआईआर में मनजीत चेतिया ने कहा है कि 15 जनवरी को नई दिल्ली में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक सार्वजनिक बयान दिया था। इसमें उन्होंने कहा था कि अब हम भाजपा, आरएसएस और इंडियन स्टेट से लड़ रहे हैं। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि एक महत्वपूर्ण पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक मंच पर दिया गया यह बयान कोई साधारण बयान नहीं है। मनजीत चेतिया का आरोप है कि राहुल गांधी की यह टिप्पणी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की सीमा से परे चली गई है। ऐसी टिप्पणी सार्वजनिक व्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा करती है। क्योंकि राहुल गांधी ने यह घोषणा की है कि उनकी लड़ाई स्वयं इंडियन स्टेट के खिलाफ है। गौरतलब है कि नए कांग्रेस मुख्यालय का उद्घाटन करते हुए राहुल गांधी आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के उस बयान पर टिप्पणी कर रहे थे जिसमें मोहन भागवत ने कहा था कि भारत 1947 को स्वतंत्र हो गया था लेकिन उस स्वतंत्रता को प्रतिष्ठा उस दिन मिली जिस दिन अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई। मोहन भागवत के इस बयान पर टिप्पणी करते हुए राहुल गांधी ने कई सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा था कि हम भाजपा, आरएसएस और अब खुद इंडियन स्टेट से लड़ रहे हैं।



राहुल गांधी की इसी टिप्पणी को एफआईआर का आधार बनाया गया है। इस देश के संविधान ने भारत के सभी लोगों को यह अधिकार दिया हुआ है कि वे कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं के आधार पर किसी पर भी एफआईआर करा सकते हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या राहुल गांधी का यह बयान वास्तव में सार्वजनिक व्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है? जिस मुख्य शब्द पर आपत्ति जताई रही है वह है इंडियन स्टेट। यानी उन्होंने कहा है कि हम खुद इंडियन स्टेट से लड़ रहे हैं। केवल शब्दों के आधार पर यह निर्धारित नहीं किया जा सकता कि जिस व्यक्ति पर आरोप लगाया गया है उसकी भावना सही नहीं है। उस व्यक्ति की भावना देखने के लिए उसके आचरण को भी देखना होगा। राहुल गांधी द्वारा इंडियन स्टेट से लड़ने की बात कहने पर भारतीय जनता पार्टी उन पर हमलावर है। सच्चाई तो यह है कि आज भारतीय जनता पार्टी को सबसे ज्यादा डर राहुल गांधी से लगता है। इसलिए वह राहुल गांधी पर हमलावर होने का कोई भी मौका चूकना नहीं चाहती है। असली सवाल यह है कि क्या भारतीय जनता पार्टी राहुल गांधी के बयान का भाव समझना चाहती है या फिर उनके शब्दों पर हमलावर होना चाहती है? जाहिर है राहुल गांधी के बयान का भाव समझना भारतीय जनता पार्टी के लिए घाटे का सौदा है, इसलिए उनके प्रति हमलावार होना ही भाजपा को ज्यादा सही लगता है। राहुल गांधी का कहने का अर्थ था कि भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस ने देश के सारे संस्थानों पर कब्जा कर लिया है और इडिंयन स्टेट की सारी ताकतों को खुद में सामाहित कर लिया है। इसलिए हम इंडियन स्टेट से लड़ रहे हैं।

सवाल यह है कि इंडियन स्टेट का अर्थ क्या है? क्या इंडियन स्टेट का अर्थ इंडियन नेशन ही है? दरअसल राहुल गांधी ने इंडियन नेशन या इंडियन रिपब्लिक का प्रयोग नहीं किया है। उन्होंने इंडियन स्टेट शब्द का प्रयोग किया है। इसका मोटा सा अर्थ है भारत सरकार। भारत की तमाम संस्थाए और सरकार मिलकर जो इंडियन स्टेट बनाते हैं, इन पर भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस का कब्जा हो गया है, हम इस इंडियन स्टेट से लड़ रहे हैं। क्या राहुल गांधी देश के खिलाफ कोई काम कर रहे हैं? यदि उन्होंने कह दिया हम इंडियन स्टेट के खिलाफ लड़ रहे हैं तो क्या वह देश के खिलाफ लड़ रहे हैं? इस देश का कोई भी सच्चा नागरिक देश के खिलाफ कैसे लड़ सकता है। राहुल गांधी की गलती यह है कि वे धारदार तरीके से सत्ता पर हमला बोल रहे हैं। राहुल गांधी की गलती यह है कि वे लगातार सांप्रदायिकता, महंगाई और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर सत्ता से सवाल पूछ रहे हैं। राहुल गांधी लगातार सवाल पूछ रहे हैं कि इस देश में मुसलमानों को दोयम दर्जे का नागरिक क्यों बना दिया गया? राहुल गांधी सवाल पूछ रहे हैं कि क्यों मुसलमानों की देशभक्ति पर शक किया जाता है? राहुल गांधी सवाल पूछ रहे हैं चुनाव आयोग क्यों सत्ता की कठपुतली बन कर रह गया है? राहुल गांधी सवाल पूछ रहे हैं कि चुनाव आयोग क्यों हमारे सवालों का जवाब नहीं देता है? अगर इन सवालों को पूछना ही इंडियन स्टेट से लड़ने के अर्थ में प्रयोग किया जा रहा है तो निश्चित रूप से राहुल गांधी को जेल में होना चाहिए?

जो लोग भारतीय जनता पार्टी की राजनीति को पसन्द करते हैं, उन्होंने अपने मन में राहुल गांधी के प्रति इतनी नफरत पैदा कर ली है उन्हें राहुल गांधी देशद्रोही दिखाई देते हैं। जब राहुल गांधी के प्रति हमारे मन में नफरत भरी होगी तो हम राहुल गांधी को नफरत भरी दृष्टि से अलग कैसे देख पाएंगे? मैं राहुल गांधी या कांग्रेस का प्रवक्ता नहीं हूं। कांग्रेस या फिर राहुल गांधी दूध के धुले हुए नहीं हैं। राहुल गांधी में हजार कमियां हो सकती हैं। लेकिन इस देश की व्यवस्था पर सवाल उठाने के लिए यदि एक पूर्वाग्रह के तहत हम राहुल गांधी के प्रति अपने दिल में नफरत पैदा करके न ही तो देश के साथ न्याय कर पाएंगे और न ही राहुल गांधी के साथ न्याय कर पाएंगे।

जिस देश में लोग राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को गाली दे सकते हैं उस देश में ऐसे लोगों के लिए राहुल गांधी क्या चीज हैं? ऐसे कई लोग हैं, जो महात्मा गांधी को राष्ट्रपिता मानने से ही इंकार कर देते हैं। जाहिर है हम हिन्दू-मुस्लिम की राजनीति कर भारतीय जनता पार्टी को एक ऐसी पार्टी मान लेते हैं, जिसमें कोई अवगुण नहीं है। मुसलमानों को सबक सिखाने के लिए मोदी जी और योगी जी की जयकार करने लगते हैं। ऐसी स्थिति में जब राहुल गांधी सत्ता से सवाल पूछेंगे तो वे हमें देशद्रोही ही दिखाई देंगे। लेकिन अपने दिल में नफरत पैदा कर जिस उज्जवल भविष्य का स्वप्न देख रहे हैं, वह ऐसे साकार नहीं होगा। निश्चित रूप से राहुल गांधी एक राजनेता हैं और वह भी राजनीति कर रहे हैं लेकिन हमें यह देखना होगा कि क्या इस देश की राजनीति आम आदमी के पक्ष में है या नहीं।

पूरे भारत को खोदकर भारत का गौरव वापस लाने का स्वप्न देखने वाली भारतीय जनता पार्टी क्या वास्तव में भारत का गौरव लौटा सकती है। निश्चित रूप से राहुल गांधी की आलोचना कीजिए। लेकिन इस आलोचना के पीछे आपका मकसद क्या है, यह भी सुनिश्चित करना होगा। जो लोग राहुल गांधी को देश का सबसे बड़ा दुश्मन सिद्ध करने पर तुले हैं, उन्हें भी एक बार जरूर अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। यह किसी से छिपा नहीं है कि राहुल गांधी की छवि खराब करने के लिए पानी की तरह पैसा बहाया गया है। यह पैसा नफरत की अंधी सुरंग को और काला ही करेगा। एक ऐसी सुरंग जिससे बाहर निकलने का रास्ता हमें कभी दिखाई नहीं देगा। यह हमें सुनिश्चित करना है कि हमें नफरत की अंधी सुरंग में प्रवेश करना है या फिर खुले आकाश में उड़ना है?

तीखी नजर

# एक हकीकत यह भी है...



राजेंद्र बज

वैसे तो व्यंग्य मजे-मजे में मजे से लिखा जाता है। लेकिन कभी-कभी मजे में आकर मौत को भूलने वाली मिसाल हो जाती है। जो भी लिखा जाता है, उसके निशाने पर जाने-अनजाने कोई न कोई तो होता ही है। व्यंग्य लेखन से होने वाले खतरें परायों से ज्यादा अपनों से हुआ करते हैं। कब किसी परिचित के मन को ठेस पहुंच जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता। आमतौर पर जिनके नजदीकी तो ठीक दूर के भी रिश्ते-नातेदार छोटे-बड़े नेता नहीं होते, वे ही नेताओं को निशाने पर धर लिया करते हैं। मन की भड़ास को काम में लेते हुए चाहे जैसा चरित्र चित्रण करो, नेता के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर एकदम फिट बैठता है।

कभी-कभी ऐसा होता है कि अपनी किसी व्यंग्य रचना के प्रकाशन पर अंतर्मन के किसी कोने से यह आवाज आती है कि काश इसे सारी दुनिया पढ़ लेवे लेकिन वह, वह जिस पर निशाना सधता नजर आ रहा है, वह उसे नहीं पढ़ पाए। एक समय था जब मेरे बेशुमार मित्र हुआ करते थे। लेकिन जब से व्यंग्य लेखन का चस्का लगा, इनकी संख्या धीरे-धीरे कम होने लगी। वैसे परिचय का दायरा भी बढ़ा, लेकिन उनसे जुबानी जमा-खर्च तो बहुत हो सकता था, लेकिन वित्तीय व्यवहार की संभावनाएं कम थी। कम क्या थी एकदम नहीं के बराबर थी।

आदमी की मनोवृत्ति को लेकर लिखा जाए, तो जो व्यंग्य के सांचे मे फिट बैठता है, वह खफा हो जाता है। साहित्य जगत में घुसपैठ करने का आसान तरीका व्यंग्य लेखन ही हुआ करता है। इसके लिए आजकल दिमाग पर ज्यादा जोर नहीं लगाना पड़ता । जो जैसा है, उसे लेकर वैसा ही लिख दिया जाए, तो भी देखते ही देखते एक अदद व्यंग्य रचना तैयार हो जाती है। कुछ एक व्यंग्यकार अपने आप को निशाने पर रखकर व्यंग्य का सृजन करते है। यह व्यंग्य लेखन का एक अत्यंत सुरक्षित तरीका है। वैसे यह घर फूंक तमाशा देखने के बराबर होता है। क्योंकि इसमें अपने कपड़े स्वयं ही उतारना होते हैं। और गैरतमंद आदमी के लिए यह शोभा नहीं देता।

वर्तमान दौर में हर तरफ व्यंग्य लेखन के अनगिनत विषय बिखरे पड़े हैं। जिसे उठा-उठा कर ठोकापिटी करते हुए व्यंग्य रचनाओं का सृजन हो रहा है। जिसके चलते आम आदमी के मन की आग का शमन होता है। उनके चित्त को सुकून मिलता है कि आज इसे तो कल उसे, अच्छा निपटाया गया है। इसके अलावा आम आदमी कर ही क्या सकता है। अखबार उठा कर देखो तो हंसने की खबरें कम ही मिला करती हैं। हर एक खबर से दिल और दिमाग पर हथौड़े की चोट का एहसास होता है। ऐसे में मन में निराशा व्याप्त हो जाती है। आदमी चिंता में डूब जाता है। ऐसे में यह व्यंग्य रचनाएं ही होती है जो आम आदमी के मन के गुबार को निकालने में काफी हद तक सहायक सिद्ध होती है। साहित्य जगत में व्यंग्य नहीं होता तो आदमी का गम गलत करना काफी मुश्किल था। इस नाते समस्त व्यंग्यकारों की छठी इंद्रिय को मैं साष्टांग प्रणाम करता हूं।

# अमेरिका के 47 वें राष्ट्रपति बने ट्रंप-पहले भाषण में ही फैसलों की झड़ी- दुनियाँ की नींद उड़ी

## ट्रंप शासन 2.0 शुरू-अमेरिका बनेगा महान-प्रथम भाषण में घोषित किया प्लान

**मेक अमेरिका ग्रेट अगेन से लेकर अमेरिकी फर्स्ट तक प्लान घोषित - भारतीय पीएम व अमेरिकी राष्ट्रपति की जबरदस्त बॉन्डिंग को रेखांकित करना जरूरी- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनांनी गोंदिया महाराष्ट्र**



**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनांनी गोंदिया महाराष्ट्र**

**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के करीब करीब हर देश में 20 जनवरी 2025 को अमेरिका के स्थानीय समय अनुसार दोपहर 12 बजे वह विभिन्न देशों के स्थानीय समय के साथ-साथ भारत के स्थानीय समय रात्रि 10:30 को, हर हितधारक या रुचिधारक व्यक्ति की नजरें एकटक संचार माध्यमों जैसे टीवी मोबाइल रेडियो आदि पर लगी हुई थी,जहां डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के 47 वें राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण कर रहे थे। मैं स्वयं भी अपने मोबाइल पर देर रात्रि करीब 3 बजे तक डिबेट, समाचार, विचार सुनता रहा फिर आर्टिकल तैयार किया हूं। मैं मोबाइल पर भारत सहित विश्व की अनेकों टीवी चैनलों पर रिसर्च कर देखा तो मुझे करोड़ों लोग लाइव देखते हुए मिले किसी चैनल में हजारों तो किसी चैनल में लाखों लोग लाइव देखते हुए मिले एक अमेरिकी चैनल में 4.5 के यूजर्स का आंकड़ा भी मुझे दिखा। सबसे पहले उपराष्ट्रपति के लिए जे डी वैन्स ने शपथ ग्रहण किया उसके बाद डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति पद की शपथ ली,फिर उन्होंने अपने पहले ही संबोधन में फैसलों की लगा दी झड़ी,दुनियाँ की नींद उड़ी, क्योंकि करीब करीब 13 से अधिक कड़े फैसले तुरंत ही लिए गए (1) अमेरिका फर्स्ट की नीति पर काम करेगी सरकार (2) मेक्सिको की खाड़ी का नाम अमेरिका की खाड़ी रखा जाएगा (3) मेक्सिको बॉर्डरपर इमरजेंसी का प्लान (4) ड्रग्स तस्करों को आतंकवादी घोषित किया (5) घुसपैठियों को रोकने के लिए सेना की मदद (6)अमेरिका में अब से थर्ड जेंडर नहीं रहेगा (7) अमेरिका में सबको बोलने की आजादी, इशारा अश्वेतों की तरफ (8) ड्रिल बेबी ड्रिल नीति का ऐलान (9) दूसरे देशों पर टैक्स व टैरिफ बढ़ाएंगे (10) अमेरिका में सैनिकों के अधिकार बढ़ाएंगे (11) 20 जनवरी 2025 अमेरिका में नई आजादी का दिन (12) दूसरे देशों की जंग में अमेरिका की सेना नहीं जाएगी (13) पनामा नहर से चीन का अवैध कब्जा हटेगा। बता दें इन फैसलों में भारत को सिर्फ नई आवर्जन नीति से फर्क पड़ सकता है, क्योंकि चैनल पर डिबेट में बताया गया की 2022 के आंकड़ों के अनुसार अमेरिका में भारतीय मूल की आबादी 6 पर्सेंट यानें 27 लाख है, जिसमें 7.25 लाख अवैध भारतीय हैं जिनमें 1100 लोगों को पिछले वर्ष सख़्ती से वापस भेज दिया गया था। ट्रंप से 62 गुना अमीर एलन मस्क का जलवा भी दिखा! एक जमाना था ट्विटर ने ट्रंप का अकाउंट बंद कर दिया था,जो आगे चलकर एलन मस्क ने खरीदा व ट्विटर से नाम बदलकर एक्स रख दिया। एक अनोखी बात यह हुई कि ट्रंप अपने पहले ही भाषण में जो बाईडेन के बीते 4 वर्षों की आलोचना तक कर दी। चूंकि ट्रंप शासन 2.0




शुरू-अमेरिका बनेगा महान प्रथम भाषण में घोषित किए गए प्लान, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,अमेरिका के 47 वें राष्ट्रपति बने ट्रंप, पहले भाषण में ही फसलों की झड़ी, दुनियाँ की नींद उड़ी।

साथियों बात अगर हम ट्रंप द्वारा राष्ट्रपति की शपथ के बाद तुरंत संबोधन की करें तो, डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, अमेरिका का स्वर्ण युग अभी शुरू हो रहा है। इस दिन से हमारा देश फिर से समृद्ध होगा और पूरी दुनिया में इसका सम्मान किया जाएगा।मैं बहुत ही सरलता से अमेरिका को सबसे पहले रखूंगा। हमारी संप्रभुता को पुनः प्राप्त किया जाएगा। हमारी सुरक्षा बहाल की जाएगी। न्याय के तराजू को फिर से संतुलित किया जाएगा। जस्टिस डिपार्टमेंट और हमारी सरकार का क्रूर, हिंसक और अनुचित हथियारीकरण समाप्त हो जाएगा।डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, हमारी प्राथमिकता एक ऐसे राष्ट्र का निर्माण करने की होगी जो गौरवान्वित, समृद्ध और स्वतंत्र हो। अमेरिका को पहले से कहीं ज्यादा महान, मजबूत और कहीं ज्यादा असाधारण होना चाहिए। डोनाल्ड ट्रंप ने आव्रजन पर अपनी आगामी कार्यकारी कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा कि वह दक्षिणी सीमा पर आपातकाल की घोषणा करेंगे और अपने पहले कार्यकाल में लागू की गई कई नीतियों को फिर से लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि वह पकड़ो और छोड़ो की प्रथा को समाप्त करेंगे और मैक्सिकन ड्रग कार्टेल को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित करेंगे। ट्रंप ने अपने भाषण के दौरान कहा, मैं इस विश्वास और आशा के साथ राष्ट्रपति पद पर वापस आ रहा हूं कि हम राष्ट्रीय सफलता के एक रोमांचक नए युग की शुरूआत में हैं। देश में बदलाव की लहर चल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार विश्वास के संकट का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि कट्टरपंथी और भ्रष्ट प्रतिष्ठान ने कई वर्षों से देश पर कहर बरपाया है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सरकार अब बुनियादी सेवाएं प्रदान नहीं कर सकती है, उन्होंने पश्चिमी उत्तरी कैरोलिना को तबाह करने वाले तूफान के विनाशकारी नतीजों की ओर इशारा किया। उन्होंने तर्क दिया कि दक्षिणी सीमा पर स्थिति नियंत्रण से बाहर है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, आज से यह सब बदल जाएगा। ट्रंप ने कहा कि उनकी हालिया जीत अमेरिकी लोगों के साथ किए गए भयानक विश्वासघात को पूरी तरह से पलटने का जनादेश है। ट्रंप ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वे लोगों को उनका विश्वास, धन, लोकतंत्र और स्वतंत्रता वापस दिला पाएंगे। उन्होंने कहा, इस क्षण से अमेरिका का पतन समाप्त हो गया है। ट्रंप ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में उन्हें इतिहास के किसी भी राष्ट्रपति की तुलना में ज्यादा परीक्षा और चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि हमारे गणतंत्र को फिर प्राप्त करने की यात्रा आसान नहीं रही है। ट्रंप ने पिछले साल पेंसिल्वेनिया के बटलर में हुई उस घटना का उदाहरण दिया जिसमें उन पर गोली चलाई गई थी और गोली उनके कान को छूते हुए निकल गई थी। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, मेरी जान किसी कारण से बचाई गई। मुझे भगवान ने अमेरिका को फिर से महान बनाने के लिए बचाया । ट्रंप ने कहा कि वह हर जाति, धर्म, रंग और पंथ के अमेरिकियों के लिए आशा, समृद्धि और शांति वापस लाने के लिए उद्देश्य और गति के साथ आगे बढ़ेंगे। ट्रंप ने उन राज्यों में अपनी बड़ी जीत की ओर इशारा किया, जहां मुकाबड़ा कड़ा माना जा रहा था। ट्रंप ने कहा, अश्वेत और हिस्पैनिक समुदायों को, मैं आपके वोट के माध्यम से मुझे दिखाए गए प्यार और विश्वास के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने कहा, मैंने अभियान में आपकी आवाज सुनी है और मैं आने वाले वर्षों में आपके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, अब अमेरिका में राष्ट्रीय एकता लौट रही है और आत्मविश्वास और गौरव पहले से कहीं ज्यादा बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, हम जो कुछ भी करेंगे, उसमें मेरा प्रशासन उत्कृष्टता और निरंतर सफलता की प्रबल खोज से प्रेरित होगा। हम अपने देश को नहीं भूलेंगे, अपने संविधान को नहीं भूलेंगे और अपने ईश्वर को नहीं भूलेंगे। ट्रंप ने कहा कि वह अपने कैबिनेट सदस्यों को मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने का आदेश देंगे। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रीय ऊर्जा आपातकाल की भी घोषणा करेंगे। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि वह बाइडेन युग के इलेक्ट्रिक वाहन जनादेश को रद्द कर देंगे।आगे कहा कि वह अपने कैबिनेट सदस्यों को मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने का आदेश देंगे। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रीय ऊर्जा आपातकाल की भी घोषणा करेंगे। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि वह बाइडेन युग के इलेक्ट्रिक वाहन जनादेश को रद्द कर देंगे। कई दशकों में ऐसा पहली बार हुआ जब राष्ट्रपति का शपथ ग्रहण समारोह खुले में ना होकर अमेरिकी संसद के भीतर हुआ। राष्ट्रपति के रूप में अपने पहले भाषण में ट्रंप ने कई बड़े ऐलान किए, ट्रंप ने अपने भाषण की शुरूआत में कहा, अमेरिका का स्वर्णिम दौर आज से शुरू हो गया है।उन्होंने मेक्सिको के साथ लगती अमेरिका की दक्षिणी सीमा पर नेशनल इमरजेंसी की घोषणा की और सेना भेजने का ऐलान कर दिया। उन्होंने कहा कि हम अवैध प्रवासियों को वहीं छोड़कर आएंगे, जहां से वो आए हैं।ट्रंप ने कहा कि अमेरिका में अब सिर्फ दो जेंडर होंगे - महिला और पुरुष। लॉस एंजिल्स की आग पर ट्रंप ने कहा, हम ऐसा नहीं होने दे सकते, हमारे पास एक पब्लिक हेल्थ सिस्टम है जो आपदा के समय काम नहीं करती है, फिर भी दुनियाँ के किसी भी देश की तुलना में इस पर अधिक पैसा खर्च किया जाता है। हमारे पास एक ऐसी शिक्षा प्रणाली है जो हमारे बच्चों को कई मामलों में खुद पर शर्म करना और हमारे देश से नफरत करना सिखाती है। यह सब आज से ही बदल जाएगा।

**अतः** अगर हम अपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि अमेरिका के 47 वें राष्ट्रपति बने ट्रंप-पहले भाषण में ही फैसलों की झड़ी- दुनियाँ की नींद उड़ी।ट्रंप शासन 2.0 शुरू-अमेरिका बनेगा महान-प्रथम भाषण में घोषित किया प्लान। मेक अमेरिका ग्रेट अगेन से लेकर अमेरिकी फर्स्ट तक प्लान घोषित-भारतीय पीएम व अमेरिकी राष्ट्रपति की जबरदस्त बॉन्डिंग को रेखांकित करना जरूरी है।

**-संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**

## सार संक्षेप

### बांग्लादेशी क्रिकेटर शाकिब अल हसन के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी

**ढाका** : बांग्लादेश के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी हुआ है। राजधानी ढाका के एक कोर्ट ने बांग्लादेशी ऑलराउंडर को दो चेक बाउंस होने के मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। शाकिब के अलावा इस वारंट में तीन अन्य लोगों के नाम भी शामिल हैं। शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद से ही अवामी लीग के पूर्व सांसद शाकिब विदेश में रह रहे हैं। करीब 6 महीने पहले शाकिब के ऊपर हत्या का आरोप भी लग चुका है। मुख्य मजिस्ट्रेट ने रिपोर्ट मांगी कोर्ट के मुख्य मजिस्ट्रेट जियादुर रहमान ने रविवार को गिरफ्तारी वारंट जारी किया और पुलिस से 24 मार्च को आदेश पर एक रिपोर्ट पेश करने को कहा है। उन्होंने कहा कि वारंट इसलिए जारी किया गया क्योंकि शाकिब, जो एक कृषि फॉर्म के अध्यक्ष भी हैं। बाउंस चेक के पूर्व मामले में कोर्ट आदेश अनुसार अदालत में पेश नहीं हुए थे। उसी फार्म के डायरेक्टर गाजी शाहगीर हुसैन के खिलाफ भी वारंट जारी किया गया है। 15 दिसंबर 2024 को शाकिब अल हसन का नाम चेक बाउंस केस में आया था। इसके बाद 18 दिसंबर को कोर्ट ने शुरूआती सुनवाई के बाद उन्हें 19 जनवरी को पेश होने का आदेश दिया था। आईएफआईसी बैंक के रिलेशनशिप ऑफिसर शाहिबुर रहमान ने बैंक की तरफ से मामला दर्ज कराया था, जिसमें शाकिब और तीन लोगों पर दो अलग-अलग चेकों के माध्यम से 41.4 मिलियन बांग्लादेशी टका (2.95 करोड़ रुपये) ट्रांसफर न करने की वजह से आरोप लगाया गया। शाकिब अल हसन ने अपना आखिरी टेस्ट मैच 2024 के आखिर में भारत के खिलाफ कानपुर में खेला था। संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन की वजह से उन्हें सभी फॉर्मेट से बैन कर दिया गया है।


### 10 साल बाद रणजी ट्रॉफी खेलने उतरेंगे भारत कप्तान रोहित शर्मा




**मुंबई** : भारतीय क्रिकेट टीम के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उनका प्रदर्शन बेहद शर्मनाक रहा था। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के 3 मुकाबलों में रोहित शर्मा ने 31 रन बनाए थे। खराब फॉर्म के कारण रोहित शर्मा 5 मैचों की सीरीज का आखिरी टेस्ट नहीं खेले थे। अब रोहित रणजी ट्रॉफी खेलने जा रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा का ऑस्ट्रेलिया दौरे पर प्रदर्शन बेहद शर्मनाक रहा था। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के 3 मुकाबलों में वह सिर्फ 31 रन ही बना पाए थे। खराब फॉर्म के कारण रोहित ने सीरीज का आखिरी टेस्ट नहीं खेलने का फैसला लिया था। ऐसे में सिडनी टेस्ट में जसप्रीत बुमराह ने भारतीय टीम की कप्तानी की थी। अब भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज और फिर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 खेलनी है। आईसीसी के इस मेगा इवेंट से पहले रोहित शर्मा फॉर्म में वापसी चाहते हैं। ऐसे में उनहोंने रणजी ट्रॉफी खेलने का फैसला लिया है। रोहित 10 साल बाद रणजी ट्रॉफी खेलते नजर आएंगे। इससे पहले वह 2015 में इस घरेलू टूर्नामेंट में खेलते हुए नजर आए थे। रणजी ट्रॉफी के अगले दौर की शुरूआत 23 जनवरी से हो रही है। रोहित शर्मा अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में जम्मू-कश्मीर के खिलाफ आगामी रणजी ट्रॉफी मैच में मुंबई के लिए खेलेंगे। यह मैच बीकेसी में मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के मैदान पर खेला जाएगा। सोमवार को संजय पाटिल के नेतृत्व में मुंबई के चयनकर्ताओं ने प्रमुख मैच के लिए 17 सदस्यीय मुंबई टीम की घोषणा की। रोहित ने आखिरी बार रेड-बॉल टूर्नामेंट 2015 में खेला था जब वह उत्तर प्रदेश के खिलाफ मुंबई के लिए खेले थे। अब वह रणजी ट्रॉफी के छठे राउंड में मैदान पर उतरने के लिए तैयार हैं। फैंस के मन में सवाल है कि रणजी ट्रॉफी का यह मैच कैसे देख सकते हैं। आपको बता दें कि मुंबई बनाम जम्मू-कश्मीर के बीच रणजी ट्रॉफी मैच स्ट्रीम करेगा। ऐसे में रोहित शर्मा के फैन फ्री में इस मुकाबले को देख सकते हैं। रोहित शर्मा ने अपने करियर में 42 रणजी मैच खेले हैं। इस दौरान हिटमैन ने 72 की औसत से 3892 रन बनाए हैं। रणजी ट्रॉफी में रोहित शर्मा ने 14 शतक भी लगाए हैं।

# क्वार्टर फाइनल में पहुंचे वर्ल्ड नंबर वन सिनर

## डेनमार्क के होल्गर रूने को हराया, एलिना स्वितोलिना जीतीं





● मेलबर्न,

**दुनिया** के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ऑस्ट्रेलियन ओपन में पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। डिफेंडिंग चैंपियन इटली के सिनर ने डेनमार्क के होल्गर रूने को 6-3, 3-6, 6-3, 6-2 से हराया।

32 डिग्री सेल्सियस से अधिक टेम्परेचर में खेले गए इस मैच में अंपायर को मेडिकल टाइमआउट लेना पड़ा। बाद में सिनर की दमदार सर्विस से नेट गिर गया। जिससे खेल 20 मिनट रुका रहा। रॉड लेवर एरिना में सोमवार को सिनर और 13वीं वरीयता प्राप्त रूने गर्मी से निपटने के लिये चेहरे पर ठंडा तौलिया को रखते दिखे। दोनों ने कई बार गर्दन पर पानी भी गिराया। तीसरे सेट में सिनर को 10 मिनट से ज्यादा लॉकर रूम में मेडिकल हेल्प लेनी पड़ी। सिनर का सामना अब आस्ट्रेलिया के आठवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डि मिनाउर या अमेरिका के गैर वरीय एलेक्स मिचेलसन से होगा। 3 घंटे से ज्यादा समय तक चले इस मैच में सिनर बार-बार पानी से अपना चेहरा धोते दिखें। वहीं इटली के ही 55वीं रैंकिंग वाले लोरेंजो सोनेगो ने अमेरिकी लर्नर टीएन को 6-2, 6-3, 3-6, 6-1 से मात दी। अब उनका सामना अमेरिका के बेन शेल्टन से होगा। अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में नोवाक जोकोविच की टक्कर कार्लोस अल्काराज और अलेक्जेंडर ज्वेरेव की भिडंत टॉमी पॉल से होगी। महिला एकल में यूक्रेन की 28वीं सीड एलिना स्वितोलिना ने 1-4 से पिछड़ने के बाद रूस की वेरोनिका कुदेरमेतोवा को 6-4, 6-1 से हराया। वह तीसरी बार आस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में पहुंची हैं। स्वितोलिना का सामना अब 19वीं रैंकिंग वाली अमेरिका की मेडिसन कीस से होगा। ऑस्ट्रेलियन ओपन का इतिहास ऑस्ट्रेलियन ओपन साल का पहला ग्रैंड स्लैम होता है। लॉन टेनिस एसोसिएशन ऑफ ऑस्ट्रेलिया ने इस टूर्नामेंट को 1905 में शुरू किया था, जिसे पहले ऑस्ट्रेलियन चैंपियनशिप कहा जाता था। बाद में लॉन टेनिस एसोसिएशन ऑफ ऑस्ट्रेलिया 'टेनिस ऑस्ट्रेलिया' बन गया। इसके बाद ऑस्ट्रेलियन चैंपियनशिप को ऑस्ट्रेलियन ओपन नाम दे दिया गया। 1969 से इस टेनिस टूर्नामेंट को आधिकारिक तौर पर ऑस्ट्रेलियन ओपन के नाम से जाना जाने लगा। टेनिस में 4 ग्रैंड स्लैम होते हैं। चारों हर साल आयोजित होते हैं, इसकी शुरूआत जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन से होती है। मई और जून में फ्रेंच ओपन होता है। जुलाई में विम्बलडन और अगस्त-सितंबर में यूएस ओपन होता है। यूएस ओपन साल का आखिरी ग्रैंड स्लैम होता है।

## मोहम्मद शमी ने पट्टी बांधकर प्रैक्टिस की

● कोलकाता,

**मोहम्मद** शमी ने कोलकाता में अपने बाएं घुटने पर पट्टी बांधकर प्रैक्टिस के लिए उतरे। शमी इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टी-20 सीरीज में टीम इंडिया में शामिल हैं। उनकी 14 महीने के लंबे अंतराल के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी हुई है।

उन्होंने 2023 में भारत में हुए वनडे वर्ल्ड कप में 19 नवंबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल मुकाबला खेला था। उसके बाद से वह चोट की वजह से इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर हैं। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज का पहला मुकाबला 22 जनवरी को कोलकाता में खेला जाएगा। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी-20 मुकाबले के प्रैक्टिस सेशन में कोलकाता में टीम इंडिया के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इंग्लैंड के खिलाफ शुरूआती मैच से पहले भारतीय टीम ने कोलकाता में तीन घंटे प्रैक्टिस की। शमी ने एक घंटे से अधिक समय तक पूरी लय में गेंदबाजी की। उन्होंने अपने बाएं घुटने पर पट्टी बांधकर गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल की निगरानी में शुरूआत में छोटे रन अप के साथ धीमी गेंदबाजी की और फिर पूरे रन अप के साथ गेंदबाजी की और गति को बढ़ाया। उन्होंने लगभग एक घंटे तक



गेंदबाजी करने के बाद फील्डिंग प्रैक्टिस में भी हिस्सा लिया। उन्होंने अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा जैसे युवा बल्लेबाजों को अपनी गति और सटीक लाइन लेंथ से परेशान किया। ध्रुव जुरेल ने शमी के खिलाफ लगाए शॉट इस दौरान विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने उनके खिलाफ कुछ आक्रामक शॉट लगाए। गेंदबाजी

### इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 से वापसी करेंगे, नवंबर 2023 में खेला था आखिरी इंटरनेशनल

प्रैक्टिस खत्म करने के बाद उन्होंने गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल से बातचीत की। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने इस प्रैक्टिस सेशन में हिस्सा नहीं लिया।

वह प्रैक्टिस के समय तक कोलकाता नहीं पहुंच पाए थे। वे देर रात पहुंचे। जोस बटलर की अगुआई वाली इंग्लैंड की टीम ने रेस्ट करने का फैसला किया। टीम आज अपने पहले प्रैक्टिस में भाग लेगी। शमी ने चोट के बाद बंगाल की ओर से रणजी ट्रॉफी के राउंड-1 में मध्य प्रदेश के खिलाफ मैच से वापसी की। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली (टी-20) और विजय हजारे ट्रॉफी (वनडे) भी खेली थी। पिछले साल जनवरी में एंकल सर्जरी कराई थी शमी ने जनवरी-2024 में इंग्लैंड में एंकल की सर्जरी कराई थी। पिछले कई महीने से शमी बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी में रिहैब कैंप में थे।

## ओपनर्स के अलावा किसी की जगह फिक्स नहीं: अक्षर

● कोलकाला, वार्ता

**भारतीय** टी-20 टीम के नए उप-कप्तान अक्षर पटेल ने आगामी सीरीज में अपनी टीम की रणनीति का खुलासा किया है। पटेल ने बताया कि ओपनर्स को छोड़कर किसी भी जगह फिक्स नहीं है। इस तरह अक्षर पटेल ने भारतीय टीम के बैटिंग ऑर्डर में तगड़े बदलाव के संकेत दिए। उन्होंने बताया कि भारतीय टीम के बल्लेबाजी क्रम में सभी को लचीला रूख अपनाना होगा।

इंग्लैंड के विरुद्ध पांच टी-20 मैचों की सीरीज में भारतीय टीम प्रबंधन बल्लेबाजी क्रम को लेकर



काफी प्रयोग करने वाला है, टीम के नवनियुक्त उपकप्तान अक्षर पटेल ने इसके मजबूत संकेत दिए हैं। अक्षर ने सोमवार को ईडन गार्डेंस स्टेडियम में अभ्यास के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सिर्फ सलामी बल्लेबाजों (संजू सैमसन व अभिषेक शर्मा) का क्रम तय है। बाकी सभी बल्लेबाजों को क्रम को लेकर लचीला रूख अपनाना होगा। उन्होंने आगे कहा कि 2024 की शुरूआत में ही हमने तय किया था कि सलामी जोड़ी तय होगी जबकि तीसरे से सातवें नंबर तक सभी को हालात व संयोजन के अनुसार लचीला रहने को कहा गया है। टी-20 क्रिकेट में सही समय पर सही बल्लेबाज का इस्तेमाल करना अहम है।

## नाइजीरिया ने अंडर-19 महिला विश्वकप में किया बड़ा उलटफेर




● मलेशिया,

**अंडर-19** महिला विश्व कप के तीसरे दिन बड़ा उलटफेर देखने को मिला। अफ्रीकी देश नाइजीरिया ने टेस्ट प्लेइंग नेशन न्यूजीलैंड को 2 रन से ग्रुप स्टेज का मैच हरा दिया। बारिश के कारण 13-13 ओवर का मैच खेला गया। नाइजीरिया ने 65 रन बनाए, जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 63 रन ही बना पाई।

मलेशिया में 18 जनवरी से टूर्नामेंट शुरू हुआ। सोमवार को वर्ल्ड कप में ग्रुप स्टेज के 6 मैच खेले गए। कुचिंग में न्यूजीलैंड को हार का सामना करना पड़ा। वहीं दिन के अन्य मुकाबले में समोआ की टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 16 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। कुचिंग के स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। बारिश के कारण मुकाबला 13-13 ओवर

### 65 रन चेज नहीं करने दिए दूसरे मैच में समोआ की टीम 16 रन पर ऑलआउट

का किया गया। नाइजीरिया की बैटिंग बेहद खराब रही और टीम 6 विकेट खोकर 65 रन ही बना सकी। टीम से लिलियन उदेह ने 18 और कप्तान लकी पीटी ने 19 रन बनाए। नाइजीरिया से 6 बैटर्स 10 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सकीं। न्यूजीलैंड से अनिका तौव्हेयर, हैना ओ'कोनोर, अनिका टोड, ताश वेकलिन और हैना फ्रांसिस ने 1-1 विकेट लिया। एक बैटर रनआउट भी हुई। न्यूजीलैंड टीम ने वाइड से 6 रन दिए। न्यूजीलैंड ने पावरप्ले में 2 विकेट गंवाए 66 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड विमेंस की शुरूआत खराब रही।

## सूर्या को चैंपियंस ट्रॉफी टीम में होना था, वे गेम चेंजर खिलाड़ी हैं : रैना

● नई दिल्ली, वार्ता

**आईसीसी** चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम की घोषणा हो चुकी है। टीम में सूर्यकुमार यादव को जगह नहीं मिली। सुरेश रैना का मानना है कि टीम में सूर्या को भी होना चाहिए था। रैना ने रविवार को स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम शो में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चुनी गई भारतीय टीम से जुड़े सवालों के जवाब दिए।

रैना चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में 15 खिलाड़ियों का चयन किया गया। टीम के चयन के बाद रैना ने सूर्यकुमार यादव के टीम में शामिल न किए जाने पर हैरानी जताई। रैना ने कहा कि भारत का स्क्वॉड मजबूत दिख रहा है। मुझे पूरा भरोसा है कि रोहित भारत को जीत की मंजिल तक ले जाएंगे, लेकिन मैं सूर्या के टीम से बाहर होने से हैरान हूं। भारत को उस एक्स-फैक्टर की कमी खलेगी, और वे भी मध्य क्रम में। वे मैदान के हर तरफ रन बनाते हैं। यही वजह है कि उन्हें मिस्टर 360 कहा जाता है। उन्होंने आगे कहा कि सूर्या शानदार स्वीप शॉट खेलते हैं और गेम चेंजर खिलाड़ी हैं। उन्हें टीम में होना चाहिए था। रैना ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए शुभमन गिल को उप-कप्तान नियुक्त किए जाने पर कहा कि मुझे लगता है कि शुभमन



### बोले : शुभमन गिल भारत के अगले सुपरस्टार होंगे

भारत के अगले सुपरस्टार हैं। उन्होंने वनडे में अच्छा प्रदर्शन किया है। जब आप किसी युवा को इतना अच्छा अवसर देते हैं, तो यह उसकी क्षमता के बारे में बहुत कुछ बताता है। रोहित शर्मा स्पष्ट रूप से जानते हैं कि अगला लीडर कौन होगा। शुभमन अच्छे कप्तानों में से एक हैं, खासकर जिस तरह से उन्होंने आईपीएल में गुजरात टीम का नेतृत्व किया।

# लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान बने पंत

## फ्रेंचाइजी मालिक बोले- आईपीएल के सबसे सफल कप्तान साबित होंगे रिषभ पंत

● कोलकाता, वार्ता

**रिषभ** पंत लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के नए कप्तान बनाए गए हैं। वे केएल राहुल की जगह लेंगे। रिषभ पंत दिल्ली कैपिटल्स के भी कप्तान रह चुके हैं।

फ्रेंचाइजी के मालिक संजीव गोयनका ने पंत को कप्तान बनाए जाने का ऐलान करते हुए कहा कि मुझे पंत में एक जन्मजात लीडर दिखता है। वे एक जबर्दस्त लीडर हैं। मुझे लगता है कि वे आईपीएल के सबसे बेहतरीन कप्तान बन सकते हैं। लोग आईपीएल के सबसे सफल कप्तानों की सूची में 'माही, रोहित' को रखते हैं। मेरे शब्दों पर ध्यान दीजिए, 10-12 साल बाद यह 'माही, रोहित और रिषभ पंत' होंगे। मेगा ऑक्शन के बाद से पंत को लखनऊ का कप्तान बनाने की बातें हो रही थीं। फ्रेंचाइजी ने नवंबर-2024 के मेगा ऑक्शन में पंत को 27 करोड़ रुपये (लगभग 3.21 मिलियन अमेरिकी डॉलर) में खरीदा था। इसी के साथ पंत आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी बने थे। पंत ने इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स को तीन




सीजन (2021, 2022 और 2024) में लीड किया है, हालांकि उनकी कप्तानी में टीम 2021 के प्लेऑफ में पहुंची थी। वे कार एक्सीडेंट के बाद 2023 के सीजन से बाहर रहे थे। ऋषभ पंत लखनऊ सुपर जायंट्स में केएल राहुल की जगह लेंगे। केएल राहुल ने पिछले सीजन (2022, 2023, 2024) के लिए एलएसजी का नेतृत्व किया। टीम ने पहले दो साल प्ले ऑफ में जगह बनाई, हालांकि फाइनल का सफर तय नहीं कर पाई। वहीं 2024 का सीजन काफी खराब रहा, टीम 7वें स्थान पर रही। रिषभ पंत बोले कि मैं अपना 200% दूंगा। उन्होंने मुझ पर जो भरोसा दिखाया है, मैं उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। यह एक नई शुरूआत है। उम्मीद है कि हम नए सीजन में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। मैं अपनी इस नई टीम से काफी खुश हूं। हमारी टीम में युवा और सीनियर खिलाड़ियों का काफी अच्छा संतुलन है। अब हमें यह सोचना है कि इस फ्रैंचाइजी को कैसे नई ऊंचाइयों पर पहुंचाई जाए। मुझे पता है कि यह एक नई शुरूआत है, नई फ्रैंचाइजी है। हालांकि मैं जिस तरह की कप्तानी करता हूं या क्रिकेट खेलता हूं, उसमें ज्यादा कुछ नहीं बदलेगा। हां, यह जरूर है कि उसमें काफी कुछ जुड़ेंगे। टीम की जो भी रणनीति होगी, उसके हिसाब से आगे बढ़ा जाएगा। पंत के लिए आईपीएल में एलएसजी दूसरी टीम है। इससे पहले उन्होंने आईपीएल में अपने करियर की शुरूआत दिल्ली कैपिटल्स से 2016 में की थी। उस समय डेयरडेविल्स ने उन्हें 2016 के ऑक्शन में 1.6 करोड़ में खरीदा था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)